विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, डीवान, कुर्सी, पलंग, डिनर टेबल, ड्रायसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
स्टाफ बिहार, रेलवे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सही दाम विश्वसनीय का प्रतीक

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएनपी/003/2021-2023

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 19 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 18 अक्टूबर 2023 डाक 19 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के दौरान अभिनेत्री आलिया भट्ट और अभिनेता रणबीर कपूर

देश-विदेश

चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, हाई कोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

खुला-पन्ना

टाइगर 3: सलमान के साथ कैटरीना ने भी लगाया एक्शन का जोरदार तड़का

महुआ मोइत्रा मामले में 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी एथिक्स कमेटी, निशिकांत दुबे को भी बुलाया

नईदिल्ली,18 अक्टूबर [एजेंसी]।

संसद की आचार समिति तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कैश-फॉर-क्वेरी शिकायत पर 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। संसदीय समिति ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ शिकायत पर मौखिक साक्ष्य के लिए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को 26 अक्टूबर को बुलाया। संसदीय समिति 26 अक्टूबर को वकील जय अनंत देहाद्रई को भी सुनेगी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर अडानी समूह और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के लिए व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी की ओर से संसद में सवाल पूछने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी शिकायत में, दुबे ने उनसे उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने का आग्रह किया था। दुबे ने बिरला को लिखे पत्र में विशेषाधिकार के गंभीर उल्लंघन , 'सदन की अवमानना और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-ए के तहत एक अपराध में संसद सदस्य (लोकसभा) महुआ मोइत्रा की सीधी संलिप्तता का आरोप लगाया है। इसके बाद मंगलवार को स्पीकर ओम बिरला ने दुबे की शिकायत को निचले सदन की आचार समिति के पास भेज दिया। महुआ ने आरोपों को आधारहीन बताया है और बिरला से आग्रह किया है कि उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए समिति गठित करें। लोकसभा की आचार समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख कर भाजपा नेता निशिकांत दुबे, एक वकील और कई सोशल मीडिया मंचों तथा मीडिया संस्थानों को उनके (मोइत्रा के) खिलाफ कथित फर्जी और अपमानजनक सामग्री पोस्ट, प्रसारित या प्रकाशित करने से रोकने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता द्वारा इस हफ्ते के अंत में विषय पर सुनवाई करने की संभावना है।

विशेष अदालत ने बलात्कार मामले में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन के खिलाफ जारी समन पर रोक लगाई

नईदिल्ली,18 अक्टूबर [एजेंसी]।

बलात्कार और आपराधिक धमकी का आरोप लगाने वाली एक महिला की शिकायत पर यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन के खिलाफ जारी समन पर एक विशेष अदालत ने रोक लगा दी है। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने मजिस्ट्रेट अदालत के उस आदेश के खिलाफ हुसैन द्वारा दायर याचिका पर आदेश पारित किया जिसमें उनसे 20 अक्टूबर को पेश होने को कहा गया था। न्यायाधीश ने 17 अक्टूबर को पारित आदेश में शिकायतकर्ता को एक नोटिस भी जारी किया और आठ नवंबर तक उससे जवाब मांगा। उन्होंने कहा, याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील द्वारा दी जा रही दलीलों के मद्देनजर, यह भी निर्देश दिया जाता है कि तब तक, मामले में लागू आदेश और आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी।हुसैन ने अपनी याचिका में दावा किया कि मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने केवल शिकायतकर्ता द्वारा सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दिए गए एक बयान के आधार पर संज्ञान लिया, हालांकि यह दिखाने के लिए रिकॉर्ड पर पर्याप्त अन्य मौखिक या दस्तावेजी सबूत हैं कि नशे या शिकायतकर्ता से बलात्कार की वास्तव में कोई घटना नहीं हुई।

जो बाइडन तेल अवीव पहुंचे, अस्पताल पर हमले से इजरायल का इन्कार

तेल अवीव, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

इजरायल और हमास के बीच बुधवार को 12वें दिन भी जारी जंग जारी है। इस बीच, गाजा में एक अस्पताल पर हुए हमले ने आग में घी का काम किया है। हमास का आरोप है कि इजरायल की दागी मिसाइल अस्पताल पर गिरी है, जिससे 500 से अधिक लोगों की मौत हो गई। वहीं इजरायल का कहना है कि यह हमास का ही दागा रॉकेट था, जो मिस फायर हो गया। इस घटना के बाद से अरब देशों में इजरायल के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा है। यहां लोग सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं बुधवार का दिन इसलिए बहुत अहम है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इजरायल आ रहे हैं और यहां तेल अवीव शहर में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे। भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा, अल अहली अस्पताल पर फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के एक रॉकेट ने हमला किया था। उन्होंने हमारे बच्चों को मारने की कोशिश की, लेकिन अपने ही बच्चों को मार डाला। यह वास्तव में अफसोस की बात है कि दुनियाभर में कई देश उनका साथ दे रहे हैं। हमारे पास स्पष्ट सबूत हैं कि यह एक फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद रॉकेट था।

फिलिस्तीनी आतंकवादी और उनके सहयोगी तुरंत अपने पीड़ित कार्ड निकाल लेते हैं। इजरायल के नागरिकों की कायरतापूर्ण हत्या करने वाले हमास के आतंकी आईडीएफ का सामना करने से डरते हैं। ये लोग हमें कार्रवाई करने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें इनका खात्मा करने से कोई नहीं रोक पाएगा। आतंकियों सुरंगों से बाहर आओ और हमसे लड़ो। संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के राजदूत रियाद मंसूर ने बुधवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा शहर के अस्पताल में हुए घातक विस्फोट के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया।रियाद मंसूर ने कहा कि नेतन्याहू के डिजिटल प्रवक्ता ने पहले एक्स पर पोस्ट किया किया था कि यह हमला इजरायल सेना ने किया है। उनको आशंका थी कि अस्पताल के आसपास हमास के ठिकाने हैं। बकील रियाद मंसूर, इसके बाद तत्काल पोस्ट डिलीट कर दिया है। हमारे पास डिलिट किए गए पोस्ट की कॉपी है।गाजा में अस्पताल पर हमले के बाद बाइडन की अरब नेताओं के साथ मुलाकात रद्द हो गई है।

यह मुलाकात जॉर्डन में होना थी। जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफदी ने घोषणा की कि बुधवार को अम्मान में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास के साथ होने वाली बाइडन की शिखर बैठक रद्द कर दी गई है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन आज इजरायल जा रहे हैं। यहां तेल अवीव में उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्यूह से होगी। रवाना होने से पहले बाइडन ने गाजा सिटी में अस्पताल पर हुए हमले की निंदा की। हमले का असर है कि बाइडन का जॉर्डन दौरा रद्द कर दिया गया है। अरब देशों के भड़कने से अमेरिका के साथ मिलकर क्षेत्र में शांति बहाल करने का प्रयासों को तगड़ा झटका लगा है।

विंध्य में कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व विस अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ भाजपा में शामिल

भोपाल। विधानसभा चुनाव की तारीखें नजदीक के आने के साथ प्रदेश की सियासत में आयाराम-गयाराम का सिलसिला भी तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विंध्य क्षेत्र में कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ तिवारी ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। सिद्धार्थ तिवारी ने बुधवार सुबह राजधानी में भाजपा के प्रदेश दफ्तर पहुचे और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।

पाकिस्तान की नापाक हरकत: अरनिया सेक्टर में विक्रम पोस्ट पर की फायरिंग, दो जवान घायल

जम्मू,18 अक्टूबर [एजेंसी]।

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू जिले के अरनिया सेक्टर में विक्रम पोस्ट पर मंगलवार की रात पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए। दोनों को जम्मू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कल रात आठ बजे विक्रम पोस्ट पर पाकिस्तान की ओर से ब्रस्ट फायर किया गया। इसकी चपेट में दो जवान आ गए।

एक के पेट तथा दूसरे के हाथ में गोली लगी है। तत्काल दोनों घायलों को निकालकर बीएसएफ के जवानों ने जीएमसी पहुंचाया। विक्रम पोस्ट पर बीएसएफ के 120 बटालियन की तैनाती है। इस बीच बीएसएफ तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। किसी को भी बॉर्डर की ओर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। इस बीच सूत्रों ने बताया कि सीमा पार से घुसपैठ कराने के लिए पाकिस्तानी रेंजरों ने आतंकियों को कवर फायर दिया, जिसमें दो जवान घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार घायल होने वालों में पश्चिम बंगाल के आलोक साहा व सुरजीत विश्वास शामिल हैं। हालांकि, इस संबंध में बीएसएफ की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी जा रही है।

भाजपा सांसद के बिगड़े बोल, कहा- केसीआर और उनके बच्चे मरे तो मैं लाखों दूंगा

चेन्नई, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

तेलंगाना में विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के साथ ही सियासी हलचल तेज हो गई है। सभी दलों के दिग्गज नेता चुनावी कार्यक्रमों में ताकत झोंक रहे हैं। भाजपा भी तेलंगाना में अपने पैर जमाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। पार्टी के नेता लगातार सत्ताधारी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर निशाना साध रहे हैं। इन सब चुनावी तैयारियों के बीच विवाद तब खड़ा हो गया, जब निजामाबाद से भाजपा सांसद अरविंद धर्मपुरी ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और उनके बेटे केटी रामाराव के मरने को लेकर बयान दे दिया। बयान के बाद से प्रदेश में काफी विवाद खड़ा हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरविंद धर्मपुरी ने एक जनसभा में कहा कि अगर तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव और उनके बेटे केटी रामाराव की मृत्यु हो जाती है तो भाजपा दोनों को आर्थिक मदद देगी। इस बयान के बाद बीआरएस ने भी पलटवार किया। एक चुनावी कार्यक्रम में धर्मपुरी ने कहा कि बीआरएस ने अपने घोषणापत्र में केसीआर बीमा योजना के तहत मृत किसानों के परिवारों को पांच लाख रुपये का जीवन बीमा देने का वादा किया है। इसमें कहा गया है कि यदि मृतक किसान की उम्र 56 वर्ष से कम है तो परिवारों को बीमा दिया जाएगा।

ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, जोगी कांग्रेस के नेता की सड़क दुर्घटना में मौत

रायगढ़, 18 अक्टूबर एजेंसी ।

मृतक विनय पांडेय

खरसिया के बरगढ़ खोला क्षेत्र के जनता कांग्रेस जे के नेता विनय पाण्डेय को अज्ञात ट्रेलर वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हृदय विदारक सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसा नेशनल हाईवे 49 सक्ती और पलगड़ा के बीच होना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर शाम विनय पाण्डेय अपने गृह ग्राम बरगढ़ खोला के टाडा पारा के रहवासी है। जो अपने एक साथी को लेकर मोटरसाइकिल से सक्ती रेलवे स्टेशन स्वयं चलाकर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि वे अपने परिवार से जुड़े एक मेहमान को लेने जा रहे थे। इस बीच पलगाड़ा से आगे रजगा नामक गांव के पास अचानक सामने से एक ट्रेलर आई और उनके बाइक को जबरदस्त ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसा इतना भयानक था कि मोटरसाइकिल बेकाबू हो गया जिसे संभालने का मौका तक चालक विनय को नही मिला। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठा व्यक्ति दूर छिटक गया। जिससे वह बुरी तरह से चोटिल हो गया।

जिसे निजी अस्पताल में भर्ती करना बताया जा रहा है।विनय पांडेय कांग्रेस नेता राजकुमार पाण्डेय के भतीजे थे लेकिन खुद विनय पाण्डेय जनता कांग्रेस जोगी के नेता थे। उन्हें अमित जोगी का करीबी माना जाता था।

महासमुंद में उबल मर्डर से गवी सनसनी, शराब के नशे में देवर ने भाभी और भतीजे को उतारा मौत के घाट

महासमुंद। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के कोमाखान क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। खबरों के अनुसार मृतक महिला के देवर ने शराब के नशे में कल रात अपनी भाभी और भतीजे की हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। दोहरे हत्याकांड के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

भगोड़े हथियार डीलर भंडारी की दिल्ली स्थित संपत्ति जब्त वाड्रा को लंदन में बेनामी घर दिलाने का भी आरोप

नईदिल्ली,18 अक्टूबर [एजेंसी]।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटेन में रह रहे हथियार डीलर संजय भंडारी के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दक्षिण दिल्ली स्थित संपत्ति को कब्जे में ले लिया। ईडी ने बताया कि यह संपत्ति पंचशील पार्क में पंचशील शॉपिंग कॉम्पलेक्स में स्थित है। इसे एस बी हॉस्पिटेलिटी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत कराया गया है। ईडी ने इस अस्तित्व विहीन कंपनी को कंपनी रजिस्ट्रार के रिकॉर्ड से हटवा दिया है। ईडी के सार्वजनिक नोटिस के मुताबिक यह संपत्ति भंडारी की है और जून 2017 में एजेंसी ने इसे कुर्क किया था। फिलहाल ईडी ने इसे धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 8 की उपधारा 4 के तहत अपने कब्जे में लिया है।

एजेंसी 2009 में भारतीय वायु सेना के लिए 75 पिलाटस बेसिक ट्रेनर विमान की खरीद में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े एक अन्य मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी भंडारी की जांच कर रही है। इसके अलावा भंडारी पर प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को लंदन में बेनामी घर दिलाने का भी आरोप है। ईडी के मुताबिक भंडारी 2016 में ब्रिटेन भाग गया था और विदेश में कथित अघोषित संपत्ति रखने से जुड़े धन शोधन मामले में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। ब्रिटेन सरकार ने ईडी और सीबीआई के अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए इस साल जनवरी में भंडारी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी।

राज्यपाल आरएन रवि ने उज्जैन जिले में स्थित प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की

उज्जैन, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने बुधवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में स्थित प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। राज्यपाल रवि अपनी पत्नी के साथ मंदिर पहुंचे और इस अवसर पर यहां आयोजित भस्म आरती में भी शामिल हुए। 'भस्म आरती' (राख से अर्पण) यहां का एक प्रसिद्ध अनुष्ठान है। यह 'ब्रह्म मुहूर्त' के दौरान सुबह लगभग 3.00 से 5.30 बजे के बीच किया जाता है। मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती देखने के बाद राज्यपाल मंदिर के

गर्भगृह में पहुंचे और बाबा महाकाल (भगवान शिव) का जलाभिषेक भी किया।

महाकालेश्वर प्रबंध समिति ने तमिलनाडु के राज्यपाल को बाबा महाकाल की तस्वीर और शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया। विभिन्न प्रसिद्ध हस्तियों और राजनेता भगवान शिव का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर में आते रहते हैं। पिछले महीने गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की थी और भस्म आरती में भी हिस्सा लिया था। इससे पहले गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने भी यहां पूजा-अर्चना की और भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

एक्टर का निधन, अस्पताल में आया हार्ट अटैक



तिरुवनंतपुरम। मलयालम एक्टर कुंद्रा जॉनी का एक प्राइवेट हॉस्पिटल में हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। इंडस्ट्री के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिल्म इंडस्ट्री में खलनायक के रूप में पहचान बनाने वाले 71 वर्षीय अभिनेता ने मंगलवार रात घर पर सीने में दर्द होने की शिकायत की और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

तेज रफ्तार का कहर, ट्रक ने चार लोगों को कुचलकर मार डाला

विजयपुरा, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

कर्नाटक में रफ्तार का कहर देखने को मिला. विजयपुरा जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क के डिवाइडर पर बैठे चार लोगों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।ट्रक का चालक वाहन समेत मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान शिवानंद चौधरी (25), सुनील (26), एरन्ना (26) और 40 वर्षीय प्रवीण पाटिल के रूप में हुई है। वे विजयपुरा शहर के वज्र हनुमाननगर के निवासी हैं। घटना मंगलवार देर रात नेशनल हाईवे 50 पर हिटनाल्ली टोल प्लाजा के पास हुई। पुलिस के अनुसार, चार लोग अपने वाहन पास में पार्क करके राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड के डिवाइडर पर बैठे और बातें कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने नियंत्रण खो दिया और उन्हें कुचल दिया। पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई और दो बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हिट एंड रन मामले में शामिल वाहन महाराष्ट्र का है। विजयपुरा ग्रामीण पुलिस वाहन का पंजीकरण नंबर प्राप्त करने और मालिक का विवरण हासिल करने में कामयाब रही। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

बस पलटने से 12 यात्री घायल

नेल्लोर, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

जिले के पेछाकुरु चौराहे पर एक निजी ट्रैवल्स की बस पलट जाने से 12 यात्री घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक, विशाखापत्तनम जिले के मित्तापल्ली गांव के एक ही परिवार के 23 लोगों ने कल सुबह तिरूपति जाने के लिए निजी ट्रैवल्स की बस किराये पर ली और निकल पड़े. पेछाकुरु चौराहे के पास बस पलट गई, क्योंकि चालक तेज रफ्तार वाहन को नियंत्रित करने में विफल रहा। चालक मौके से भाग गया। पेछाकुरु एसआई श्रीकांत मौके पर पहुंचे और घायलों को नायडूपेट एरिया अस्पताल पहुंचाया। घायलों की हालत स्थिर बताई गई है। पेछाकुरु पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

फसलों को कीट प्रकोप से बचाने दी जानकारी

कोरबा। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र लखनपुर कटघोरा के प्राध्यापक डॉ.तरुण कुर्रे ने चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत में ग्राम विजयपुर के किसानों के खेतों में जाकर खरपतवारों से अवगत कराते हुए विभिन्न जानकारी दी गई।

खेतों में उगने वाले खरपतवार भृंगराज, जंगली जुट , चिरपोटी, गुमि, चूहा, गंगाई आदि के बारे में बताया गया। कृषि विधियों की जानकारी देते हुए भू परिष्करण पद्धति, स्वच्छ बीज, फसल चक्र, अच्छादन फसले, अंतर्वर्ती खेती आदि के संबंध में जानकारी दी गई। खरपतवारों को हस्तचलीत यंत्रों से दिंई गुड़ाई कर समाप्त करने की विधि बताई गई। रासायनिक प्रबंधन के तहत बताया गया कि रासायनिक दवाइयां का उपयोग कब व कितनी मात्रा में करनी चाहिए इसकी जानकारी दी गई। इससे होने वाले लाभ व हानि के बारे में बताया गया।

अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभायात्रा

छुरीकला। नगर पंचायत छुरीकला में अग्रसेन महराज का जयंती अग्रवाल समाज द्वारा धूमधाम से मनायी गई। इस मौके श्री अग्रसेन महराज की भव्य शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा बस स्टैंड जोशी निवास से प्रारंभ हुई और इसका समापन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर बाजार पारा में पहुंचकर आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। अग्रवाल समाज द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत व पूजा आरती की गई। समाज के युवक- युवती व महिलाएं सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। समाज के विकास में सहभागिता निभाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर महिलाओं एंव बच्चों के लिए अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें विजयी प्रतिभागियों को अग्रवाल समाज द्वारा पुरस्कृत किया गया।

प्रेक्षकों के लिए कंट्रोल रूम किया जाएगा स्थापित

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु प्रेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। जिसके अंतर्गत 04 सामान्य प्रेक्षक, 01 व्यय प्रेक्षक एवं 01 पुलिस प्रेक्षक शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त होने वाले सभी प्रेक्षकों के लिए जिला पंचायत कार्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित करने एवं कंट्रोल रूम में प्रेक्षकों हेतु कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सहित सभी आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

मतदान अधिकारी को दिया जा रहा प्रशिक्षण

ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट मशीन का मतदान कार्मिकों ने प्रशिक्षण किया प्राप्त

सीईओ एवं अपर कलेक्टर ने प्रशिक्षण का लिया जायजा

कोरबा। जिले में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के दिशा-निर्देशन में शासकीय ईव्ही स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पीठासीन अधिकारियों को प्रथम सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ ही ईव्हीएम तथा वीवीपैट मशीन का हैंड्सऑन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें मतदान प्रक्रिया, ईव्हीएम सिलिंग, मॉक पोल, विभिन्न सूचना प्रपत्र आदि की भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप ने जायजा लिया। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में गंभीरता से समझकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपैट मशीन की हैंड्सआन ट्रेनिंग का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए सीईओ विश्वदीप ने कहा कि मतदान अधिकारी बूथ स्तर पर निर्वाचन आयोग का चेहरा होता हैं। इसलिए सभी का दायित्व है कि अपने कर्तव्य का निर्वहन गंभीरतापूर्वक पूर्ण निष्ठा से करें, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित की जा सके।

इसी तरह अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने शासकीय ईव्ही स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव में सकुशल मतदान संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संपूर्ण मतदान प्रक्रिया एवं मतदान के बाद मतपत्र लेखा तैयार करके मशीन सहित स्ट्रांग रूम में जमा करने की जिम्मेदारी मतदान अधिकारी की होती है। इस हेतु आप सभी प्रशिक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रथम चरण के प्रशिक्षण में शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज कोरबा में 681 में से 669 प्रशिक्षणार्थी और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में 651 में से 640 पीठासीन अधिकारी उपस्थित हुए। शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा सीमा पात्रे एवं रुचि 2ाुर्दुल अनुविभागीय अधिकारी ने भी प्रशिक्षण स्थल का जायजा लिया।

सीईओ ने प्रशिक्षण का किया अवलोकन

सीईओ विश्वदीप ने विद्यालय में महिला मतदाताओं की विशेष सहायता तथा सहूलियत के लिए बनाए जा रहे संगवारी मतदान केंद्र में ड्यूटी हेतु महिला मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने महिला मतदान अधिकारियों को कहा कि पिंक बूथ हेतु जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसका प्रशिक्षण ध्यान से प्राप्त करें। उन्होंने संगवारी मतदान केंद्र में महिला मतदाताओं को उपलब्ध कराने जाने वाली व्यवस्थाओं से भी अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान सभी महिला पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे।

कार की डिक्की से आभूषण जब्त की पुलिस ने

कोरबा। पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री जितेंद्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर रोकने हेतु दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री श्री रॉबिंसन गुड़िया थाना प्रभारी दीपका अश्वनी राठौर के नेतृत्व में आज दिनांक 17 अक्टूबर को दीपका स्टॉफ वाहन चेकिंग हेतु नोनबिर्रा रोड रवाना हुए थे। नोनबिर्रा पाली रोड के पास मोबाईल चेक पोस्ट लगाकर सभी आने जाने वाहनों का चेकिंग कर रहे थे कि तभी पाली की ओर से एक व्यक्ति मारुति वेगन-आर कार में आ रहा था जिसे रोककर पूछताछ किया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम चंद्रकांत सोनी पिता अजय सोनी उम्र 33 वर्ष साकिन बलौदा जिला जांजगीर का रहने वाला बताया। कार को चेक करने पर डिक्की में रखे करीबन 9 किलोग्राम चाँदी व क़रीबन 50 ग्राम सोने के आभूषण कीमती लगभग 10 लाख रूपये मिले जिसके संबंध में बिल मांगने पर कोई बिल पेश नहीं किया गया। उक्त वस्तु संदिग्ध होने पर गवाहों के समक्ष जप्त कर धारा 102 जा.फौ. के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही किया गया है। आगामी चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने लगातार चेकिंग की जा रही है

संशोधित नियम के साथ वेतन मिलेगा कोयला कामगारों को

कोरबा। कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनियों में नियोजित ठेका श्रमिकों के वेतन में बढ़ोतरी को लेकर संयुक्त समिति द्वारा की गई सिफारिशों को मंजूरी दे दी गई है। सोमवार को सीआईएल प्रबंधन ने इस आशय का आदेश जारी किया। सीआईएल के निदेशक मंडल ने 25 सितंबर को आयोजित अपनी 458वीं बैठक में ठेकेदारों के श्रमिकों के वेतन और सामाजिक सुरक्षा में संशोधन के लिए एनसीडब्ल्यूए-11 के खंड 13.7.0 के अनुसार गठित संयुक्त समिति की 9 अगस्त 2023 की सिफारिशों को मंजूरी दी थी। सीआईएल ने ठेका श्रमिकों का बढ़ा हुआ वेतन 9 अगस्त 2023 से लागू किया है। अंडर ग्राउंड भत्ते सहित अन्य नियम और शर्तें यथावत रहेंगी। श्रमिकों की श्रेणी एवं संशोधित वेतन (प्रतिदिन) के हिसाब से तय किया गया है। जिसके अनुसार अकुशल 1176, अर्ध-कुशल, अकुशल पर्यवेक्षक 1206, कुशल 1266 और अत्यधिक कुशल को 1266 रुपये की सहमति दी गई

मेहरबानी से अवैध खनन के मामले लगातार बढ़ रहे

कोरबा। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के चिरबंगला के पास मिट्टी उत्खनन का कार्य जोरों पर हैं, लेकिन खनिज विभाग के अफसर इसे लेकर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

पोंडी में कई दिनों से प्रशासन के बिना अनुमति के सरकारी जमीन जेसीबी खुदाई कर अवैध तरीके से मिट्टी उत्खनन किया जा रहा है। इस मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है, लेकिन इस पर न तो खनिज विभाग के अफसर कार्रवाई कर रहे हैं और नहीं परिवहन पर रोक लगाई जा रही है। पोंड़ी के चिरबंगला के पास शासकीय भूमि है। इस भूमि पर मशीन से खनन करने के निशान देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर से मिट्टी का अवैध परिवहन हो रहा है। यह अवैध कार्य शाम के बाद और तेज हो जाती है। यह स्थिति आसपास के कई इलाके में चल रहा है।

निर्वाचन संबंधी दायित्व समय-सीमा में पूर्ण करें नोडल अधिकारी

कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

कोरबा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी, स्वीप नोडल अधिकारी, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टर-पेपर, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन आदि के नोडल अधिकारी की बैठक लेकर निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों को समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने बिंदुवार निर्वाचन के कार्य की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पीठासीन अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। उन्होंने मतदाता सूची, संभावित प्रत्याशियों के नामों का मतदाता सूची में नाम का मिलान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में मतदान केंद्रों के बाहर लेखन कार्य, मतदाता सहायता कक्ष, वाहन व्यवस्था, रूट चार्ट, मतपत्रों की उपलब्धता, सार्वजनिक सूचना जारी करने, पोस्टल बैलेट, ईव्हीएम का ट्रेनिंग, रेन्डमाइजेशन, कंट्रोल टेबल, कर्मचारी कल्याण, नामांकन कक्ष में कम्प्यूटर, इंटरनेट सहित अन्य व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था, महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में लगी फ्लाइंट स्क्वॉड टीम को गंभीरता से कार्य करने और प्रकरण बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कम्युनिकेशन प्लान, सुविधा ऐप, सी-विजील में मिली शिकायतों पर कार्यवाही के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीएफओ अरविंद पीएम, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, दिनेश नाग सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

सीपीएम के सचिव नंदी ने इस्तीफे से किया इंकार

पराते के मामले को लेकर गरमाई है राजनीति

कोरबा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के छत्तीसगढ़ राज्य सचिव एम के नंदी ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान कहा कि माकपा जिला सचिव प्रशांत झा तथा राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पराते के खिलाफ कुछ संगठन विरोधी तत्वों द्वारा लगाए गए तमाम आरोप गलत और बेबुनियाद है। विधान सभा चुनाव के पहले पार्टी के संघर्षशील नेताओं की छवि को धूमिल करके चुनाव को प्रभावित करने का यह प्रयास है। जिन लोगों ने पार्टी से इस्तीफा देने की जानकारी दी, उनका कोई पत्र पार्टी को नहीं मिला है। संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल ऐसे सभी लोगों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

माकपा नेता नंदी ने कहा कि इस बार माकपा कटघोरा विधानसभा क्षेत्र का चुनाव पूरी दमदारी से लड़ेगी और पिछले पांच सालों से जनता की बुनियादी समस्याओं पर चलाए गए जन संघर्षों से प्राप्त जन विश्वास की बदौलत उसकी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने किसान सभा और सीटू के साथ मिलकर भू- विस्थापितों के मुद्दों पर, रेल सुविधा, सड़क-बिजली-पानी-संपत्ति कर और नगर निगम में कांग्रेस सरकार के जनविरोधी रूख के विरूद्ध आंदोलन खड़ा किया है। इन आंदोलनों की अगुआई करने के कारण माकपा जिला सचिव प्रशांत झा पर कई मुकदमे कायम हुए हैं और उन्हें जेल भी जाना पड़ा है। उन्होंने कहा है कि विपक्षी पार्टियां, जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन तीनों माकपा और किसान सभा के इस विकसित हो रहे जनाधार से घबराए हुए हैं और पार्टी और जन आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। सचिव नंदी ने कहा कि इन संगठन विरोधी तत्वों की पार्टी और जन आंदोलनों को कमजोर करने की साजिश कामयाब नहीं होगी माकपा का आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

शुभम साहू की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

कोरबा। प्रार्थी किशन कुमार साहू पिता यशपाल सिंह साहू हाल मुकाम चारपारा कोहडिया द्वारा पुलिस चौकी सीएसईबी जिला कोरबा में अपने परिजनों सहित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 15 अक्टूबर की रात सर्दी बुखार होने पर वह अपने दोस्त सूरजभान साहू उर्फ सुभम निवासी ढोढीपारा भैसखटाल के साथ गबेल मेडिकल दवाई लेने गया था। उसी समय मोहल्ले के रिक्की यादव और प्रभाकर सहिस मोटर सायकल से मेडिकल दुकान आये तथा सूरजभान साहू उर्फ सुभम से 10 मिनट अकेले में बात करना है कहकर साथ में लेकर नहर की ओर चले गए थे। प्रार्थी ने मेडिकल दुकान के पास कुछ देर तक इंतजार किया उसके बाद वापस घर चला गया था। फिर रात्रि करीब 12ः00 बजे पता चला कि सूरजभान साहू उर्फ सुभम की रिक्की यादव और प्रभाकर सहिस ने किसी वजनी औजार से सिर में मारकर हत्या कर दि है जिसका शव नहर किनारे पड़ा है। तब वह लोग ढोढ़ीपारा मैसखटाल नहर किनारे जाकर देखे तो नहर के पचरी में सूरजभान साहू उर्फ सुभम खून से लथपथ पड़ा था। उसके सिर में कई जगह चोट के निशान थे। उसे ईलाज

कराने जिला अस्पताल कोरबा लेकर गए थे जहां डॉक्टर ने चेक कर मृत घोषित कर दिया था।

प्रार्थी कि रिपोर्ट पर मर्ग क0 57/2023 धारा 174 जा0फौ0 एवं अपराध कमांक 483/2023 धारा 302, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दि गई। पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सिविल लाईन रामपुर निरीक्षक मृत्युंजय पाण्डेय, तथा चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल को मामले में त्वरित सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही कर मामले में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश प्राप्त हुआ।

वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देश के परिपालन में चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल द्वारा अपने अधिनस्थ स्टाफ के सहयोग से त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना कारित करने वाले आरोपीगण (01) प्रदीप कुमार यादव उर्फ रिक्की यादव पिता मनोज कुमार यादव उम्र 24 साल सा0 ढोढ़ीपारा भैंसखटाल चौकी सीएसईबी जिला कोरबा (02) प्रभाकर सहीस उर्फ साधू उर्फ छोटू पिता स्व0 बुधराम सहीस उम्र 23 साल सा0 ढोढ़ीपारा भैंसखटाल चौकी सीएसईबी जिला कोरबा को घटना के महज 12 घंटे के भीतर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर मृतक के साथ पुरानी रंजीश एवं शंका के आधार पर पूर्व से योजना बनाकर हत्या करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग लोहे का हथौड़ा, 01 नग सूजा तथा अन्य सामान जप्त कर वैधानिक कार्यवाही करने उपरांत आरोपीगण को प्रकरण में गिरफ्तार किया गया तथा आज दिनांक 17.10.2023 को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया।

जशपुरनगर। नवरात्र पर यहां के शोषड़ा आश्रम में अनुष्ठान जारी है। इसके साथ ही दशहरा के अवसर पर रामरेखा मंदिर में विशेष कार्यक्रम के साथ रावण दहन किया जाएगा।

सड़क बदहाल, विकल्प तलाश कर स्कूल पहुंचने को मजबूर विद्यार्थी

कोरबा। विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी धतुरा में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कोरबी बस्ती से मुड़ापार सड़क मार्ग की हालत अत्यंत जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे निर्मित हो गए हैं। इससे लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग चार-पांच वर्षों से इस सड़क की मरम्मत एवं सुधार कार्य नहीं हुआ है। कई बार विभाग को सूचना देने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बताया जाता है कि इस सड़क की लंबाई लगभग तीन-चार किलोमीटर है। प्रधानमंत्री सड़क मार्ग की निर्माण हेतु स्वीकृत हो गई है ,इसके बाद भी इस सड़क का निर्माण एवं सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है। इस मार्ग से धतुरा, मुड़ापार, हरदी बाजार, खिसोरा ,पंतोरा, सीपत, बलौदा के लिए लोग आना-जाना करते हैं।

राजग्वालीन मंदिर में मनाया जा रहा आश्विन नवरात्र पर्व

कोरबा। शारदीय नवरात्र पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है । लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में माथा टेक रहे हैं। इनमे से एक मंदिर राजग्वालीन दाई का भी है, जहां माता के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास का अद्भुत नजारा देखा जा सकता है। जहां मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्वलित किया गया है, वही मंदिर का पंडा अर्थात पुजारी अपने शरीर में ज्वारा की बुआई कर माता की सेवा में लगा है।

देश प्रदेश में कोरबा को ऊर्जा नगरी के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा कई ऐतिहासिक बातें जुड़ी हुई है, जो कोरबा को अलग पहचान दिलाती है । यहां पाली के ऐतिहासिक और प्राचीन शिव मंदिर तथा चैतुरगढ़ में माता का मंदिर स्थित है। इसके अलावा मां सर्वमंगला, छुरी की मां कोसगाई और कोरबा चांपा मार्ग में ऊंचे पहाड़ पर मां मड़वारानी विराजित हैं। ऐसा ही एक मंदिर जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर कटघोरा पेंड्रा मार्ग में तुमान के समीप स्थित है, जहां राजग्वालिन दाई विराजी हुई है। क्षेत्रवासियों में माता रानी के विराजमान होने को लेकर अलग-अलग कथाएं प्रचलित हैं, जो प्राचीन और ऐतिहासिक रूप से जुड़ी हुई है। लोगो का राज ग्वालिन दाई पर अटूट श्रद्धा और विश्वास है। आम दिनों में माता की पूजा अर्चना तो की जाती है , शारदीय और चैत्र नवरात्र पर विशेष पूजा का आयोजन भी किया जाता है। इस बार भी शारदीय नवरात्र पर मंदिर में 215 दीप प्रज्वलित किया गया है ।खास बात तो यह है कि मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना करने वाले पंडा सियाराम ने अपने शरीर पर ज्वारा की बुवाई किया है। वह जवारे के साथ ही पूरे 9 दिनों तक माता की सेवा में लगा रहेगा। जिसकी दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। क्षेत्र वासियों के लिए इस बार का नवरात्र खास है। दरअसल परिसर में ही नए मंदिर का निर्माण कराया गया है, जहां नवरात्र के अवसर पर पूजा आराधना के बाद शिवलिंग की स्थापना की जाएगी । इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया है। क्षेत्रवासी माता राजग्वालीन दाई मंदिर में आयोजित नवरात्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

दशहरा उत्सव समिति मुड़ापार के संरक्षक अवधेश सिंह ने मुख्य अतिथि बतौर मुड़ापार में गरबा एवं डांडिया कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस मंदिर में विग्रह के बजाय आसन की होती है पूजा

कटघोरा। जिले के विभिन्न पहाड़ों में देवी प्रतिमाओं की पूजा होती है वहीं मातिन एक मात्र ऐसा पहाड़ है, जहां उपर में स्थित मंदिर में देवी के आसन की पूजा होती है। छत्तीसढ़ में से एक गढ़ के रूप में मान्य इस क्षेत्र में आज भी आदिवासी परंपरा से पूजा का विधान है। पर्वत वासिनी देवी मंदिर में दूर-दूर से भक्तजन मनोकामना ज्योति की दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

जिला मुख्यालय से 62 किलोमीटर दूर मातिन दाई का पहाड़ गोंडवंशियों की देवी मां के प्रति आस्था का व्यक्त करता है। पुरातत्व विभाग के मार्ग दर्शक हरिसंह क्षत्री के अनुसार क्षेत्र में 12 वीं से 16 वीं शताब्दी तक गोंडवंशीय राजाओं का शासन था। पहाड़ के उपर प्रतिवर्ष चैत्र व क्वांर नवरात में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की जाती है। मंदिर के बेगा का कहना प्राचीन काल में पहाड़ों को सरंक्षित रखने के देवी अनुष्ठान की परंपरा है। सरल और सीधे आदिवासी श्रम और श्रद्धा पर विश्वास रखते हैं। पहाड़ को देवी स्थल के रूप में विकसित किए जाने का दूसरा उद्देश्य वनक्षेत्र में शिकार को रोकना भी था। मातिन कभी समृद्ध जंगल था।

मातिन दाई की कृपा से आज भी यह वन क्षेत्र साल, गोंजा, कोसम, तेंदू आदि के वृक्षों से समृद्ध है। वर्तमान समय में भी बनांचल के रहवासी वनोपज संग्रह पर आश्रित हैं। नवरात्र के दोनों ही पर्वों में क्षेत्र के लोगों पूजा अनुष्ठान अपार श्रद्धा होती है। बदले परिवेश के साथ मंदिर में दर्शन के लिए वाले श्रद्धालु भोग भंडारे का आयोजन कराते है।

मातिन दाई मंदिर में देवी आस्था को चैतुरगढ़ की अष्ठभुजी और आर और कोसगाई के समकालीन माना जाता है। यह पर्वत श्रृंखला मानगुरू और कोसगाई के बीचो बीच पड़ता हैं। सांस्कृतिक समरूपता होने से आदिवासियों में एकता बरकरार थी। इतिहासकारों का कहना है कि पर्वतों में देवी आराधना ताकालिक आदिवासी राजाओं की देन है। यही वजह है कि इन मंदिरों आदिवासी समाज की आस्था आज भी बरकरार है।

नहीं बनी सड़क, लोग नहीं करेंगे मतदान

डभरा । नगर पंचायत डभरा के वार्ड क्रमांक 1 एवं वार्ड क्रमांक 7 के निवासियों ने जर्जर सड़क को लेकर कलेक्टर से कहते हुए सड़क नहीं बनने पर चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। पीडब्ल्यूडी द्वारा नगर पंचायत डभरा में सड़क निर्माण का कार्य ठेकेदार को दिया गया है। परंतु ठेकेदार 3 साल में भी नगर पंचायत डभरा के सड़क का सीसी रोड एवं डामरीकरण का कार्य नहीं कर पाया है। निर्माण कार्य धीमी गति होने से नगर वासियों को धूल के गुब्बार और गड्ढे के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाइक चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

नगर पंचायत डभरा के वार्ड क्रमांक 1 एवं वार्ड 7 के नगरवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर सड़क नहीं तो मतदान नहीं चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। विधानसभा चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी मतदाताओं के द्वारा दिए जाने के एक सप्ताह बाद भी जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग एवं ठेकेदार हरकत में नहीं आया है। ठेकेदार द्वारा महीने में एक दो दिन सी सी रोड बनाने के बाद सड़क निर्माण का कार्य बंद कर देता है। नगर पंचायत डभरा के वार्ड क्रमांक 7 की निवासी संगीता पटेल, सीता साहू, मोनिका मैत्री का कहना है कि थाना चौक से खरसिया छुहीपाली तक सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधानसभा चुनाव के लिए का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ तो चुनाव का बहिष्कार करते हुए मतदान

नही करेंगे। डभरा के नगर वासियों एवं व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कुछ महीने पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मुलाकात की थी। इसके बाद भी निर्माण कार्य धीमी गति से किया जा रहा है। तीन साल में भी नगर पंचायत डभरा क्षेत्र के थाना चौक से छुहीपाली एवं पेट्रोल पंप चंद्रपुर मार्ग में सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। जिसके कारण व्यापारियों एवं मरीज और स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धूल के गुब्बार और गड्ढे के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। इसी तरह थाना चौक डभरा से सपोस तक एवं थाना चौक डभरा खरसिया मार्ग फ्युरम तक का निर्माण कार्य अधूरा है। जिसे लेकर नगर एवं क्षेत्रवासियों में आक्रोश है।

परेशानी हो रही थी धूमाल के शोर से, किया जप्त

सक्ती। कोलाहल अधिनियम के तहत तेज आवाज में गाना बजा रहे धुमाल पर कार्रवाई करते हुए उनके अन्य उपकरण को भी जब्त किया गया।

ज्ञात हो कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप कोलाहल और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले डीजे, धुमाल जैसे भारी ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों से आम जनों को हो रही परेशानी को देखते हुए उच्चाधिकारियों द्वारा कारवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सक्ती पुलिस ने थाने में समय डीजे संचालकों की बैठक करके उन्हे इन उपकरणों का प्रयोग ना करने की समझाइश दी है। कोटवारों के माध्यम से सभी जगह मुनादी कराकर उसकी सूचना भी जगह-जगह पहुंचाई गई है। सभी नवरात्रि दुर्गा समितियों को भी इस संबंध में जानकारी दी जा चुकी है कि बिना अनुविभागीय अधिकारी की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग वर्जित है।

डीजे, धुमाल जैसे बड़े उपकरण की अनुमति भी नहीं दी जाएगी। फिर भी लोग आम जनों की परेशानी को नहीं समझकर कोलाहल फैलाने से बाज नहीं आ रहें हैं। ऐसी ही एक सूचना 15 अक्टूबर को रात में सक्ती पुलिस को प्राप्त हुई की हटरी इलाके में एक धुमाल के मध्यम से जोर-जोर से गाना बजाकर आम जनों के मध्य ध्वनि प्रदूषण कोलाहल फैला रहा है। जिससे आसपास के रहवासियों को परेशानी हो रही है। सक्ती पुलिस ने तत्काल चेक करते हुए एक वाहन में धुमाल के लाउडस्पीयर्स लगे हुए थे और बेस का बड़ा स्पीकर बॉक्स भी लगा था। एक दूसरी गाड़ी में उसका जनरेटर सेट था। जिससे सप्लाई देकर तेज आवाज में म्यूजिक बजाया जा रहा था।

इस पर पुलिस ने समस्त संसाधनों और दोनों वाहनों को जब्त करके कोलाहल निवारण अधिनियम की धाराओं में कारवाई करते हुए जीवन देवांगन पिता परदेसी देवांगन झूलकदम, फिरत राठौर पिता दुलार साय निवासी डोंगिया पोरथा के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीजेएम में पेश किया है।

जाम से छुटकारा नहीं मिला लोगों को

जांजगीर। नैला रेलवे फाटक में जाम की समस्या इतनी विकराल होती जा रही है कि लोगों को यहां से गुजरने के नाम पर ही जेहन में घंटों तक फंसने का डर सताने लगता है। मंगलवार को यहां लंबा जाम लग गया। दोनों ओर करीब डेढ़ किमी तक वाहन की लाइन लग गई।

नैला फाटक में जाम की समस्या बनी नासूर- डेढ़ घंटे तक जाम में फंसे रहे लोग स्कूली बस में बच्चे घंटों तक फंसे रहे। जाम के चलते अंडरब्रिज से भी लोगों को गुजरते नहीं बन पाया, क्योंकि सभी मार्ग में एक से डेढ़ किमी तक वाहनों की लंबी कतार थी। ऐसे में अंडरब्रिज से निकलने के बाद भी जाम में फंसना पड़ रहा था। बता दें, नैला रेलवे फाटक में हर दिन इसी तरह से जाम से लोगों को जूझना एक तरह से मजबूरी बन चुकी है। एक बार फाटक बंद होने पर कम से कम 7 से 8 ट्रेनें निकालने के बाद ही फाटक खुलता है।

जयंती पर अग्रजनों ने निकाली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा

सक्ती । अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज के लोगों ने सुबह 10 बजे हटरी धर्मशाला में महाआरती का आयोजन किया । वहां लोगों के लिए नाश्ता की व्यवस्था की गई थी । इसके बाद कार व बाइक रैली हटरी धर्मशाला से निकलकर मुख्य मार्गों से होकर वापस हटरी धर्मशाला पहुंची । जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। दोपहर 2 बजे आयोजन समिति ने अपने प्रतिष्ठान बंद करने की अपील की । जिसके चलते अग्रवाल समाज के लोगों ने अपना प्रतिष्ठिान बंद कर रैली में स्वस्फूर्त भाग लियाकमला हरि वेन्यू में शाम 5 बजे से अग्रसेन महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिला पुरूष बड़ी संख्या में शामिल हुए।शोभा यात्रा का स्वागत गिरीराज रैन बसेरा में, बालाजी ट्रेडर्स के संचालक जुगमंदर अग्रवाल, गोपी बत्रा के निवास , सत्यविद्या ज्वेलर्स के संचालक अरूण अग्रवाल, हटरी

चौक के पास डालमिया मेडिकल के संचालक विजय डालमिया ने अलग-अलग स्थान पर किया। उनके लिए जलपान की व्यवस्था की गई। सिंधी समाज के द्वारा गुरूद्वारा के पास तथा मुस्लिम समाज के द्वारा भी शोभा यात्रा का स्वागत किया गया । शोभा यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकी के अलावा अग्रसेन महाराज की झांकी बनाई गई थी । नगर में जगह जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे।

सीएसईबी कर्मचारी से मारपीट करने वाला गिरफ्तार

चांपा । बिजली उपकेंद्र राहौद में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपित युवक को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । वहीं मामले का दूसरा आरोपित युवक फरार है। पुलिस के अनुसार कोहका निवासी मनोज कुमार साहू 15 अक्टूबर की सुबह 9ः30 बजे अपने ड्यूटी में राहौद बिजली उप केंद्र आया था । काम अधिक होने की वजह से वह रात्रि में ही रुक गया था । रात में जब वह अकेला सोया था तभी राहौद निवासी मुकेश निर्मलकर एवं उसके एक अन्य साथी 16 अक्टूबर की अल सुबह 3.05 बजे गेट का ताला तोड़कर अंदर आए कंट्रोल रूम के दरवाजा को लात मार कर खोल दिया । अंदर घुसकर मनोज से गाली गलौज करने लगे। जब मनोज ने मना किया तो जान से मारने की धमकी देकर मुकेश निर्मलकर हाथ में रखे पत्थर से तथा उसके साथी ने हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट किया। मनोज की रिपोर्ट पर पुलिस ने भादवि की धारा 458, 294, 506, 323, 34 कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपित युवक मुकेश निर्मलकर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया । जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया गया । प्रकरण का एक अन्य आरोपित युवक फरार है जिसकी पातासाजी की जा रही है।

चार माह बाद भी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की कमी

जांजगीर - चांपा। जिले के आधा दर्जन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षक, सहायक शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल खुलने के चार माह बाद भी पढ़ाई पटरी पर नहीं आ पाई है। स्कूलों में शिक्षकों की जो कमी थी उसे भी दूर नहीं किया जा सका है। स्कूलों में गणित, विज्ञान, भौतिकी, अंग्रेजी जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों के 15 से अधिक पद रिक्त है। शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी माध्यम स्कूल खोले गए हैं। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले में आठ अंग्रेजी माध्यम और सात हिंदी माध्यम स्कूल खोले गए हैं।

पानी की मात्रा कम हुई नहर में, फसल को लेकर किसान चिंतित

सरवानी। मौजूदा खरीफ वर्ष में फसल उत्पादन अपने अंतिम चरण में है। इसके बाद किसान फसल की कटाई करेंगे। मानसून विदाई के साथ इस वर्ष जिले मे औसतन कम बारिश हुई है। जिससे पर्याप्त मात्रा में खेतों में पानी एकत्रित नहीं हुआ है और पूर्व से भी नहर के माध्यम से ठीक से पानी नहीं मिला है। अभी भी खेतों में पानी की आवश्यकता है पर मानसून के विदाई के साथ नहरों से भी पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे किसान परेशान है।

बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम सरवानी, परसापाली, चोरिया क्षेत्र में पानी के लिए किसानों को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी चाम्पा को लिखित में आवेदन भी देकर नहरों से पानी छोड़ने की मांग कर चुके हैं। किसानो ने कहा कि सरवानी, चोरिया क्षेत्र में पूरे खरीफ वर्ष के दौरान नहरों से पानी नहीं मिला है और अब फसल उत्पादन के अंतिम चरण में पानी की कमी से फसल बर्बाद होने के कगार पर पहुंच

गया है। जिससे तत्काल नहरों के माध्यम से पानी छोड़ा जाए। फसल अपने अंतिम चरण में है और अभी पानी की आवश्कता है, नहरों में पानी बंद है। जिसे ध्यान में रखते हुए किसानों ने तत्काल मुख्य नहर से पानी छोड़ने की मांग की है। क्षेत्र में नहर नेटवर्क की हालत पूरी तरह बदहाल है। वर्षों से ना तो नहरों की साफ-सफाई हुई और ना ही किसी तरह के मरम्मत का कार्य किया गया है। जिससे किसानों को दोहरी परेशानी से का सामना करना पड़ता है। नहरों की हालत जर्जर होने से किसान वर्ग बहुत आक्रोश हैं। क्षेत्र के नहर जर्जर और गंदगी से अटे पड़े हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में भी क्षेत्र के नहरों को लेकर ग्रामीण किसान हितैषी कहने वाले सरकार के खिलाफ विकास के लिए प्रमुख मुद्दा बना रहे हैं। सभी दलों के प्रत्याशियों से क्षेत्रवाशी क्षेत्र के नहर नेटवर्क के हालात से अवगत कराएंगे और नहर की हालत सुधारने साफ-सफाई व मरम्मत कराने की मांग करेंगे। जहां जहां नहर में पानी की समस्या है, वहां की मॉनिटरिंग के लिए मैदानी अमले को अलर्ट किया गया है।

- अर्जुन कुर्रे, ईई, सिंचाई विभाग

18 लाख रूपए की राशि ब्याज के साथ अदा करने का फैसला

जांजगीर-चांपा। पॉलिसी धारक की मृत्यु होने पर नॉमिनी पुत्र को बीमा का लाभ देने से कंपनी ने साफ इंकार कर दिया। शिकायत के बाद उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को अब 17 लाख 97 हजार 500 रुपए खर्च व ब्याज सहित देने का आदेश पारित किया है।

शिकायतकर्ता रोशन लाल देवांगन के पिता ने एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी। पॉलिसी के चालू रहने के दौरान ही शिकायतकर्ता के पिता की मृत्यु हो गई थी। मौत होने पर बीमा कंपनी में क्लेम लगाया गया। जहां रोशन लाल को बीमा देने से साफ मना कर दिया गया। कई बार दफ्तर का चक्कर काटा इसके बाद भी आखिरकार बीमा कंपनी ने बीमा के पैसे देने से मना कर दिया। उन्होंने कारण बताया कि उसके पिता ने अन्य पॉलिसी भी लिया था तथा उसे वर्तमान पॉलिसी लेते समय नहीं बताया था। इसलिए उपभोक्ता शिकायतकर्ता को बीमा का लाभ नहीं मिलेगा। उपभोक्ता आयोग में केस लगने के बाद दोनों पक्षों में सुनवाई हुई। जिला उपभोक्ता आयोग ने दोनों पक्षों के द्वारा पेश शपथ पत्र, दस्तावेजों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर पाया कि शिकायतकर्ता के पिता ने पूर्व में कोई अन्य पॉलिसी नहीं ली थी।

उपभोक्ता शिकायतकर्ता को बीमा का लाभ न देकर एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने सेवा में कमी की है। इसलिए जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के अंतर्गत पेश परिवाद को स्वीकार कर आदेश पारित किया गया। जिसके अनुसार पॉलिसी धारक की मृत्यु होने पर बीमा के पैसे देने से इनकार करने पर 17 लाख 97 हजार 500 रुपए व मानसिक संताप का 10 हजार व वाद का खर्च 3 हजार आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर देना होगा। नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा।

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ : जिला-कोरबा तहसील-कोरबा प.ह.नं. 00016 कोरबा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202223550105800146

// ईश्तहार//

तहसील कोरबा के प.ह.नं. 00016 के अंतर्गत ग्राम कोरबा के वर्तमान भूमिस्वामी अथवा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पिता/पति -पत्नी-नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 235/1 (0.0072) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शरद चन्द्र तिवारी पिता/स्व. सीताराम तिवारी पता-कोरबा के नाम पर पंजीयन/कौरी के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचारार्थ है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जायेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकरण प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्तार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया जाता है।

तहसीलदार
मनीष देव साहू
(सील)

न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.1989/बी-121/2023-24
ग्राम-कोरबा प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामकांत गौतम पिता स्व. शुभमितन गौतम जाति आमरण निवासी ग्राम कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.... रा.नि.मं.... के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री मृदुला गौतम के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 03.11.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)
(सील)

न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

2023100510023
रा.प्र.क्र.-/अ-6/2023-24
ग्राम-कोरबा प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अधोहस्ताक्षरी मनबाती पिता बिहारी लाल मनबाती जाति सिंधी निवासी एफआईजी-118 आर.एस.एस. नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा के द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.16 स्थित ख.नं. 279/1 में से रकबा 0.04.4ए./ 0.017.8 हे. भूमि दर्ज रहा है। वर्तमान अभिलेख खसरा, बी-1 में रकबा 0.04.4 हे. के स्थान पर 0.04 ए.दर्ज है। उक्त त्रुटि को सुधार कराने हेतु छ.ग.भू.रा. महिला की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत् प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 30.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय कैसील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)
(सील)

न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

2023090504000043
रा.प्र.क्र.-/अ-21/2023-24
ग्राम-कोरबा प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदक अयाशी सिंह रावताल पिता स्व. हरचरण सिंह रावताल जाति सिक्ख निवासी तुलसी मार्ग गंजा गली कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 184/17/क शामिल नंबर 187/30/क रकबा 0.012 हे./1320 वर्गफीट भूमि की प्रस्तावित क्रेता बहादुरसिंह अजमद पिता स्व. अब्दुल रसीद जाति मुसलमान निवासी रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ.(रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 03.11.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय कैसील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)
(सील)

लोगो के चेहरे पर मुस्कान देखकर जो खुशी मिलती है वही मेरे जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार है: लीलाधर सुल्तानिया

जांजगीर। जिले के बनारी के सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाली हरिलीला ट्रस्ट द्वारा 16 अक्टूबर को ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिन के अवसर पर संत गुरू घासीदास चिकित्सालय कर्मयोगी स्व. सदाशिव गोविंद राव काते एवं धनवंतरी जन कल्याण समिति द्वारा संचालित व वी.वाय. हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन एवं प्रदेश में 10 वी 12वी छ.ग. बोर्ड की प्रवीण सूची में आये जांजगीर-चांपा जिले के छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया साथ ही संत गुरूघासीदास चिकित्सालय काते नगर चांपा को 30 केवीए का जनरेटर सप्रेम भेंट एवं नवागढ़ लींगेश्वर महादेव मंदिर को वाटर कूलर सप्रेम भेट दिया गया।

कार्यक्रम में अतिथ के रूप में डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना एम.डी. वी.वाय हास्पिटल रायपुर, जांजगीर चाम्पा विधायक नारायण चंदेल, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, सुधीर देव भारतीय कुष्ठ निवारक संघ सचिव, चन्द्रशेखर देवांगन प्रदेश कार्यवाहक राष्ट्रीय, पूर्व मंत्री मेघाराम साहू , रामा थवाणी , डॉ आनंद जोशी , डॉ. विमल अग्रवाल, डॉ. .पी.दुबे, जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल , पूर्व विधायक अम्बेश जांगड़े, दिनेश सिंह, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, रमेश सुल्तानिया उपस्थित थें। स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से पधारे विभिन्न रोगो के प्रसिद्ध चिकित्सकों ने शिविर में आने वाले लोगों को उनकी जांच कर चिकित्सीय परामर्श दिया, वही शिविर के दौरान लगभग 3500 लोगों ने अपना पंजीयन करवाया, जिसमें 1100 लोगो की आंखो की जांच कर उन्हे नि:शुल्क चश्मे का वितरण किया गया, साथ ही 90 श्रवण बाधितों को मशीन दी गई एवं नि:शुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन, जनरल सर्जन, स्पाईन सर्जन, मेडिसिन, नाक कान व गला रोग विशेषज्ञ, कैंसर विशेषज्ञ, हृदय विशेषज्ञ, पेट रोग विशेषज्ञ, किडनी रोग विशेषज्ञ, वेरीकोज वैन विशेषज्ञ, न्यूरो सर्जन, पल्मनोलॉजिस्ट छाती रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बच्चों के विशेषज्ञ, फिजिशियन, आँख विशेषज्ञ सहित अनुभवी सर्जन डॉक्टरो ने लोगो के बिमारियों का ईलाज किया।

पिछले वर्ष हरि लीला ट्रस्ट बनारी मैला जांजगीर

के चेयरमैन लीलाधर सुल्तानिया ने अपने जन्मदिन पर 10 वी 12वी बोर्ड के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए घोषणा की थी की जांजगीर चाम्पा जिले के जिन छात्र छात्राओं का नाम पूरे प्रदेश में प्रथम आयेगा उसे गोल्ड मेडल से सम्मानित से किया जायेगा एवं जिन छात्र छात्राओं का नाम प्रदेश में प्रवीण्य सूची में आयेगा उसे प्रमाण पत्र एवं 21000 रू. की राशि से सम्मानित किया जायेगा। इसी कड़ी में जांजगीर चाम्पा जिले के छ.ग. 10वी बोर्ड से पूरे प्रदेश में प्रवीण्य सूची में आये 6 बच्चों का सम्मान रविन्द्र कुमार साहू, सौम्या सिंह, 12वी बोर्ड से गोविंद माधव मिश्रा, गोविन्द आदित्य, शाहिल कश्यप, रिया पाण्डेय का सुबह 10 बजे संत गुरू घासीदास चिकित्सालय काते नगर (सोती) चांपा में प्रमाण पत्र एवं 21000 रू. की राशि से सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम की शुरूआत सुल्तानिया जी ने सोती आश्रम में स्थित भगवान गणेश की मंदिर में पूजा अर्चना कर किया गया। गौमाता को गुड़ खिलाया, आश्रम में परिसर में वृक्षारोपण किया साथ ही धनवंतरी माता के तैल्यचित्र पर पुष्पमाला चढ़ाकर दीप प्रज्वलित कर शिविर का उदघाट्न किया। इस अवसर पर श्री सुल्तानिया ने कहा कि लोगो के चेहरे पर मुस्कान देखकर जो खुशी मिलती है वही मेरे जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार है, हम यह प्रयास करते है कि जो कुछ हमने समाज से प्राप्त किया उसमें से कुछ हिस्सा समाज को वापस करें। अगर आपका शरीर स्वस्थ है तो आप कमजोर असहाय लोगो की सेवा कर उनकी मदद कर सकते हैं। हर व्यक्ति को स्वास्थ्य और शिक्षा का अधिकार है, हमारी छोटी सी कोशिश रहेती है कि अंतिम छोर के व्यक्ति एवं हर वर्ग के लोगो को स्वास्थ्य, शिक्षा मिल सके हमारी ट्रस्ट आसपास के क्षेत्र के विकास कार्यो के लिए अपना अमूल्य योगदान देती हैं एवं गरीब लोगो के चेहरे में मुस्कान लाने का कार्य करती है और आगे भी करती रहेगी।

इस अवसर पर डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना एम.डी. वी.वाय हास्पिटल रायपुर ने कहा कि ऐसी सेवा हरिलीला ट्रस्ट द्वारा विशाल नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है इससे लोगो को फायदा मिल रहा हैं और लोगो के मन में इसी तरह का सेवा संकल्प का भाव आना चाहिए। विधायक नारायण चंदेल ने कहा कि हरिलीला ट्रस्ट द्वारा गरिब जनता, असहाय वर्ग के लिए जनसेवा के कार्य करना, लोगो के विकास के कार्य करना, नेक कार्य है ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए हरिलीला ट्रस्ट को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व सांसद कमला देवी पाटले ने कहा कि गरीब वर्ग असहाय लोगों के स्वास्थ्य के लिए शिविर लगाना लोगो को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना जैसे अनेको कार्य करती रहती है एवं हरिलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया को जन्मदिन की बधाई दी। भारतीय कुष्ठ निवारक संघ सचिव सुधीर देव जी ने कहा कि आश्रम में चल रहे सभी प्रकल्पों के बारे में लोगों को बताया और लोगो का स्वागत किया। प्रदेश कार्यवाहक चन्द्रशेखर देवांगन ने आश्रम में आने वाले समय में किये जाने वाले कार्यो से अवगत कराया साथ ही आश्रम में जनमानस को जोड़ने की अपील की एवं शिविर में आये सभी लोगो को धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्री सुल्तानिया ने आगे कहा कि हरिलीला ट्रस्ट समाजसेवा, जनकल्याण कार्य के लिए हमेशा अग्रणी रहती है चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो, समाज के विकास में, पर्यावरण के क्षेत्र में हो, चाहे क्षेत्र के विकास मे हो, सभी क्षेत्रों में हरिलीला ट्रस्ट लोगो के सहयोग के लिए तत्पर रहती हैं। अमर सुल्तानिया ने शिविर में आये डॉक्टरों का, हितग्राहियों को, शिविर में लगे सदस्यों को, आश्रम के सदस्यों को आभार व्यक्त किया।

स्वास्थ्य शिविर में 20 से ज्यादा अनुभवी डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क ईलाज किया गया सभी बिमारियों के ईलाज के लिए सुप्रसिद्ध स्पेशलिस्ट डॉक्टर डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना एम.डी. वी.वाय हास्पिटल रायपुर, डॉ. आनंद जोशी, डॉ. अनिल कर्णावट, डॉ. विमल अग्रवाल, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. अनुपमा जोशी, डॉ. पीयू प्रकाश सक्सेना, डॉ. सुलभ चन्द्राकर, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. सुनील चौधरी, डॉ. गरिमा राजीमवाले, डॉ. सिद्धार्थ साहू, डॉ सिद्धार्थ पाटनवार, डॉ सावेरी सक्सेना, डॉ शान्तुन वर्मा, डॉ. ओमेश भगत, डॉ. मोनीष सक्सेना सहित अनेक अनुभवी डॉक्टरों ने अपनी सेवा दिया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का लाभ उठाने के लिए हजारों की संख्या में गांव के लोग उपस्थित हुए। शिविर में पहुचें सभी मुख्य अतिथियों एवं डॉक्टरों सहित लोगों ने सुल्तानिया को जन्मदिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आये अतिथियों को पुष्पमाला से स्वागत किया गया एवं अमर सुल्तानिया ने मोमेंटो देकर सभी अतिथियों एवं डाक्टरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण अमर सुल्तानिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन हितेश यादव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर हितेश यादव, मनीष तिवारी, मुकेश भोपालपुरिया, जितेन्द्र खाण्डे, सुधीर झाझड़िया, साकेत तिवारी, बृन्दावन सिंह, सुनील पाण्डेय, भूपेन्द्र साहू, अभिनव सुल्तानिया, आलोक सुल्तानिया, रामलल्ला सिंह, रमेश सोनवानी, रवि पाण्डेय, रामेश्वर पटेल, विवेका गोपाल, नंदकुमार देवांगन, हितेश साहू, डिगेश मनहर, संतोष जब्बल, प्रदीप नामदेव, गगन जयपुरिया सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

अनमोल वचन

जब आप अकेले में भी मुस्कुराने लगें तो समझ लें कि आप वाकई बहुत खुश है।

भूख का गहराता सवाल

उपभोग के घटते स्तर, प्रति व्यक्ति अनाज की घटती उपलब्धता, और आम पोषण की कमी का नतीजा लंबाई की तुलना में कम वजन, उम्र की तुलना में कम लंबाई और रक्तक्षीणता से ग्रस्त महिलाओं-बच्चों की संख्या बढ़ने के रूप में सामने आ रहा है। आज चूंकि वैश्विक स्तर पर जारी होने वाले लगभग हर सूचकांक को भारत सरकार उसे तैयार करने की विधि पर सवाल उठाते हुए खारिज कर देती है, इसलिए अब उसके एतराज को खुद भारत में भी बहुत से लोग अब गंभीरता से नहीं लेते। गौरतरलब है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स (वैश्विक भूख सूचकांक) तैयार करने वाली संस्थाओं- आयरलैंड की कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी की वेल्ट हंगरहाइफ ने भारत सरकार की आपत्तियों को बिंदुवार खारिज करते हुए कहा है कि उसकी रिपोर्ट 125 देशों के बारे में है, लेकिन उस पर एतराज सिर्फ भारत ने जताया। जिन आंकड़ों के आधार पर उन्होंने सूचकांक में भारत को 111वे स्थान पर रखा, उनके स्रोत उन्होंने सार्वजनिक कर दिए हैं। और उनमें ज्यादातर आंकड़े खुद भारत सरकार के हैं। फिर दोनों संस्थाओं ने कहा है कि वह अपनी रिपोर्ट 2006 से जारी कर रही है, जिसकी पहले समकक्ष संस्थाओं के विशेषज्ञ समीक्षा करते हैं। इसीलिए कभी उसकी रिपोर्ट विवादास्पद नहीं रही। दरअसल, भारत में रहने वाले लोगों का आम तजुर्बा भी वही है, जो यह रिपोर्ट हमें बता रही है। देश में उपभोग के घटते स्तर, प्रति व्यक्ति अनाज की घटती उपलब्धता, और आम पोषण की कमी का नतीजा लंबाई की तुलना में कम वजन, उम्र की तुलना में कम लंबाई और रक्तक्षीणता से ग्रस्त महिलाओं और बच्चों की संख्या बढ़ने के रूप में सामने आ रहा है। सरकार ऐसी रिपोर्टों का खंडन करने के लिए उन कल्याण योजनाओं का तर्क देती है, जो उसने वंचित तबकों के लिए चला रखी हैं। विकास अर्थव्यवस्था की भाषा में इसे इनपुट कहा जाता है। जबकि ज्यादा विश्वसनीय रिपोर्टें आउटपुट के आधार पर तैयार की जाती हैं। यानी जो अंतिम परिणाम मौजूद है, इनमें उस पर ध्यान दिया जाता है। वैसे भी जब तक लोगों के पास स्थायी रोजगार और परिवारों के पास स्थिर आमदनी का जरिया नहीं हो, सरकारी योजनाएं लोगों को बस जिंदा रख सकती हैं, उन्हें स्वस्थ एवं खुशहाल जिंदगी नहीं दे सकतीं। यह सरकार के लिए आत्म-मंथन का सवाल है कि क्या भारतीय अर्थव्यवस्था देश की बहुसंख्यक आबादी को ऐसी जिंदगी का आधार पर उपलब्ध करवा रही है।

राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको परिवार से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नये व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई या सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिए शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगे।

वृष राशि- आज आपका मन प्रसंन्न में मग्न रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। आज अपना व्यवहार संतुलित रखें और दूसरों की बातें समझने का प्रयास करें।

मिथुन राशि- आज का दिन मित्रों-जनों फोनिक देने वाला रहेगा। आज किसी रिलेटवर से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा फिल होगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन कोई नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी।

कर्क राशि-आज अत्यधिक कुछ हर्ड बाजार, माता की कृपा से पूरी तरह से समाप्त हो जायेगी। आज आपको नौकरियत पक्ष से कोई कुछ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आज आप विदेश में भी व्यापार करने की योजना बनाइये। आपकी सोशल मिडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशियों लेकर आया है। काम के मामलों में आप बेहद व्यवहारिक रहेंगे। आपके मन में बहुत दिनों से कोशेबार को लेकर कोई योजना चल रही है, जो आज आप उस योजना पर काम शुरू करेंगे, जिससे आपको कोई बड़ा लाभ मिलेगा। आज आपकी बीटी वाणी आपको काम को जल्दी पूरा करवाने में मदद करेगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए। आज आपको अपने मकान चित्र के साथ समय बिताना चाहिये। संयम और धैर्य के साथ ही आपको अपने कदम आगे बढ़ाने चाहिए।

तुला राशि-आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। आज कोई पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की सहायता मांगेगे, जिसे आप आसानी से पूरा करेंगे। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिलेटवर से आपकी फोन पर लम्बी बात होगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन ठीक रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ बिजनेस मीटिंग में शामिल होंगे। आज अपने बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा होगा, आप अपनी पढ़ाई को लेकर पूरी तरह से अलर्ट रहेंगे आज की नई मेहनत का लाभ मिलेगा।

धनु राशि-आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोगों का मशेला आप पर बना रहेगा। आपकी इमानदारी से लोग प्रेरणा लेंगे। महिलाएं घर के काम से जल्द ही राहत पा लेंगी। आज आप दोस्तों के साथ समय बिताएंगे। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगें। शिक्षकों की मदद से विद्यार्थीओं का कोई प्रोजेक्ट पूरा होगा। शिक्षण का साथ आपको आर्थिक लाभ दिलायेगा। पहले की नई मेहनत का आज दुगना लाभ मिलेगा। आज काम काज ज्यादा रहेगा, जिसकी वजह से आपको खुद के लिए समय निकाल पाना मुश्किल होगा, लेकिन काम समय से पूरा होने से आपको खुशी भी होगी।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपको कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े दबा सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक हो जायेगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी नई प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर लें। छात्र आज अपने करियर को लेकर कोई योजना बनाएंगें, बच्चों को सही मार्गदर्शन की जरुरत है। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली होगी।

इजराइल के विवेक की परीक्षा!

//श्रुति व्यास//

क्या गाजा में रह रहे फिलिस्तीनियों को वहां की जमीन खाली करने लिए 24 घंटे की जो डेडलाईन दी गई थी वह समाप्त हो गई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दक्षिण इजराइल में बड़ी संख्या में मौजूद सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा है कि ''अगला चरण शुरू होने वाला है। इससे पहले इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के एक प्रवक्ता ने 12 अक्टूबर को कहा कि ''गाजा में जो होने वाला है उसे देखना मुश्किल होगा। सवाल है गाजा पट्टी को खाली करवाकर इजराइल, क्या हमास के खिलाफ युद्ध जीत सकता है।

फिलहाल पूरी दुनिया की निगाह गाजा पट्टी पर है। दुनिया जहां मौतों की सुनामी के लिए तैयार हो रही है वही इजराइल को यह समझाने का प्रयास भी हो रहा हैं कि वह जो करने जा रहा है उसके नतीजे प्रलयकारी होंगे। इससे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह का रोष और गुस्सा पनपेगा उससे इजराइल और मध्यपूर्व हमेशा के लिए बदल जाएंगे।

इजराइल ने घोषणा की है कि वह धरती से हमास का नामोनिशां मिटा देगा। इजराइल का गुस्सा जायज है। पिछले हफ्ते जो हुआ वह बर्बर था और उसने हेलोकास्ट की भयावह यादें ताजा कर दीं। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि हमास एक आतंकी संगठन है जो युवाओं के दिमाग में जहर भरता है, और उन्हें हिंसा से हथियार और प्रशिक्षण उपलब्ध करवाता है। फिर उन्हें खूनखराबा करने के लिए खुला छोड़ देता है। हमास के आतंकी केवल घृणा के हकदार हैं और उनकी हरकतों को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। हमास के हमले का इजराइल को जरा सा भी अंदेशा नहीं था। यह उसके गुप्तचर तंत्र की बड़ी विफलता थी।तभी इजराइल सदमे में है। वहां के लोगों के दुःख की कोई सीमा नहीं है। वे अपमानित महसूस कर रहे हैं, गुस्से से उबल रहे हैं और आपसी मतभेद भुलाकर एकसाथ लड़ने के लिए तैयार हैं। बीबी (नेतन्याहू) गाजा को बदल डालना चाहते हैं ताकि आतंकी फिर कभी इजराइल के लोगों के लिए खतरा न बन सकें।

परंतु आंख के बदले आंख क्या सबको अंधा नहीं बना देगी।

गाजा के 23 लाख रहवासियों को सजा दी जा रही है। उन्हें हर तरह से पंगु बनाकर मरने के लिए छोड़ दिया गया है। पिछले 10 दिनों से गाजा पट्टी में न तो पानी पहुँच रहा है, न बिजली, न ईंधन, न खाद्य सामग्री और ना ही दवाएं। गाजा पट्टी की सभी सीमाएं सील हैं। गाजा से शरणार्थियों के सामूहिक रूप से मिस्र में आने के राजनैतिक परिणामों और सुरक्षा संबंधी जोखिमों से मिस्र वाकिफ है। उसने चेतावनी दी है कि यदि गाजा के लोग किसी दूसरे देश में गए तो यह उनका अपना अलग देश पाने के सपने का अंत होगा। डॉक्टरों की एक मानवतावादी संस्था ने इजराइल पर आरोप लगाया है कि गाजा की सीमाएं पूरी तरह सील कर, वहां अंधाधुंध बमवर्षा कर और जमीनी हमले का डर दिखाकर इजराइल फिलीस्तीनियों को सामूहिक सजा दे रहा है, जो पूरी तरह से गैर-कानूनी है। दुनिया भी अब इजाइल से कह रही है कि वह थोड़ी मानवता दिखाए। मिस्र से विनती की जा रही है कि वह अपनी सीमाएं गाजा के लोगों के लिए खोले। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि प्रजातंत्रों को न्यूनतम मानकों का पालन करना चाहिए।लौकतांत्रिक देश आतंकियों के घिनौने और घटिया स्तर तक नहीं गिर सकते। अमरीकी लेखक और बुद्धिजीवी इजराइल को चेतावनी दे रहे हैं कि वह वही गलती न करे जो हमने 9/11 के बाद की थी। 9/11 के बाद दुनिया में और बर्बादी आई, असुरक्षा भाव और बढ़ा, और बड़ी संख्या में लोग कट्टरपंथी बने और हिंसा का अनवरत सिलसिला चल पड़ा।वैसा ही नतीजा कही 10/7 का भी न हो। आतंकवाद का मुकाबला दृढ़ता से किया जाना चाहिए परंतु इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून को तिलांजलि नहीं दी जा सकती। गाजा से लाखों लोगों को बाहर धकेलकर वहां इजराइल की फौज को भेजने से न तो शांति सुनिश्चित होगी और ना ही सुरक्षा। बल्कि इजराइल की बदले की इस कार्यवाही से और बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी युवा हमास और हिज्बुल्ला की गोद में बैठ जाएंगे। इजराइल को यह समझना चाहिए कि फिलिस्तीन के सभी नागरिकों को सामूहिक रूप से सजा देकर वह कभी अपने आप को सुरक्षित नहीं बना सकेगा। बल्कि इसके कारण वेस्ट बैंक, अरब देशों और दुनिया के दूसरे हिस्सों में फिलिस्तीनियों के अधिकारों के पक्ष में आवाज तेज होगी।

हो सकता है कि सैनिक ताकत से इजराइल गाजा में 'एक नया यथार्थ' निर्मित कर दे। परंतु अंततः इससे इजराइल की एकता और उसके लोगों में भाईचारा प्रभावित होगा। इसके अलावा दुनिया के दूसरे हिस्सों में रह रहें यहुदियों के लिए भी खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में यहूदियों के खिलाफ हिंसक घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। निसंदेह यह शर्मनाक है और इससे ऐसा वातावरण बन रहा है मानो एक विश्वव्यापी संकट शुरू होने वाला है।इजराइल के घटनाक्रम को एक सप्ताह बीत चुका है और सब चाह रहे है कि अगला कदम सोच-समझकर ही उठाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमास को कमजोर करना जरूरी है।पर हमास की हार आज नहीं तो कल हो ही जाएगी।जबकि बड़े पैमाने पर शुरू हुयआ आतंकवाद के खिलाफ युद्ध लंबा, जटिल और अप्रिय होगा। ऐसी उम्मीद है कि इजराइल पूरी दुनिया से उसे मिल रहे समर्थन और सहानुभूति को खोने की राह पर नहीं चलेगा। ज्योंहि गाजा में बड़ी संख्या में नागरिकों की मौतों की खबरें आना शुरू होंगीं, इजराइल के प्रति सहानुभूति और सद्भाव पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। अगर इजराइल को ऐसा लगता है कि गाजा में मौतों से उसे कोई फर्क नहीं पड़ेगा तो वह गलत सोच रहा है।

कांग्रेस में बेटों, भतीजों को टिकट

कांग्रेस पार्टी के ऊपर भले परिवारवाद के आरोप लगें लेकिन वह नेताओं के बेटे, भतीजों, भाइयों आदि को टिकट देने में नहीं हिचकती है। हर चुनाव में कांग्रेस के कुछ पुराने नेता अपनी सीट छोड़ रहे हैं और अपने बच्चों को आगे कर रहे हैं। कुछ नेता तो खुद भी चुनाव लड़ रहे हैं और परिवार के सदस्यों के लिए भी टिकट ले रहे हैं। कांग्रेस ने अभी तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए 229 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें कई सीटों पर पार्टी के पुराने नेताओं ने अपनी दावेदारी छोड़ दी और उनकी जगह उनके बेटों को टिकट दी गई। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के दिवंगत नेता महेंद्र कर्मा के बेटे छविंद्र कर्मा को दंतेवाड़ा से टिकट दी गई है। महेंद्र कर्मा की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। उसके बाद उनकी पत्नी देवती कर्मा चुनाव लड़ी थीं लेकिन इस बार उनकी जगह उनके बेटे छविंद्र को टिकट दी गई है।

इसी तरह मध्य प्रदेश के दिग्गज नेता कांतिलाल भूरिया की जगह उनके बेटे विक्रांत भूरिया को झाबुआ सीट से कांग्रेस ने टिकट दी है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ सांसद हैं, जबकि कई चुनाव पहले ही दिग्विजय सिंह की सीट से उनके बेटे जयवर्धन चुनाव लड़ते हैं। दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह भी चुनाव लड़ रहे हैं और भतीजे प्रियव्रत सिंह को भी टिकट मिली है। उधर तेलंगाना में पार्टी के सांसद एन उत्तम कुमार रेड्डी चुनाव लड़ रहे हैं और उनके साथ ही उनकी पत्नी पद्मावती रेड्डी भी विधानसभा का चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस भी बड़े नेताओं को चुनाव लड़ा कर ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत सुनिश्चित करना चाहती है। इसी रणनीति के तहत भाजपा भी मजबूत उम्मीदवारों को उतार रही है।

इजराइल-हमास जंग से गड़बड़ाया अमेरिकी गणित

//श्रुति व्यास//

अभी पिछले महीने तक पूरी दुनिया एक नए समझौते की उम्मीद में झूम रही थी। दुनिया के एक हिस्से में बेशक जंग चल रही थी मगर दूसरे हिस्से में अमन की एक नई सुबह की लालिमा क्षितिज पर दिखलाई दे रही थी। इजराइल और सऊदी अरब के बीच शांति समझौते को आकार देने में अमेरिका मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था। ऐसा लग रहा था कि जल्दी ही एमबीएस और बीबी हमें एक मंच पर दिखेंगे एक दूसरे से हाथ मिलाते हुए, मुस्कुराते हुए और फोटोग्राफरों के लिए पोज देते हुए। और यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नए अध्याय का आगाज होता। जैसा कि जैक सुलिवान ने 29 सितम्बर को कहा था, 'मध्य-पूर्व में जितनी शांति अभी है, उतनी पिछले दो दशकों में कभी नहीं रही'। और सात अक्टूबर तक सचमुच मध्य-पूर्व में अमन-चैन का माहौल था।

फिर सात अक्टूबर को हमने अचानक पाया कि मध्य-पूर्व की जंग, यूक्रेन की पुरानी और ताइवान के मुद्दे पर संभावित नई जंग के कहीं ऊपर ट्रेंड कर रही है। इस सबका एक निहितार्थ तो यह है कि वाशिंगटन की मध्य-पूर्व रणनीति धराशायी हो चुकी है और जो बाइडेन की चुनावी राह में कांटे बो दिए हैं (इस पर ज्यादा बात बाद में)। इजराइल मोहल्ले के उस दादा की तरह व्यवहार कर रहा है जो अपने अपमान का बदला लेने पर उतारू है। इसका एक और नतीजा यह हुआ है कि अमेरिका और इजराइल एक-दूसरे के नजदीक आ गए हैं और इजराइल और सऊदी अरब के बीच शांति समझौते की बात लम्बे अरसे के लिए ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। बाइडेन ने फिलस्तीन की समस्या के हल के लिए दोराष्ट्र का जो फार्मूला प्रस्तावित किया था, उसका कोई नामलेवा भी नहीं बचा है। अमेरिका और ईरान के संबंधों में बेहतरी की उम्मीद खत्म हो गई है। और अगर बाइडेन चाहते थे कि मध्य-पूर्व से फ़ुरसत पाकर वे उनके देश और रूस और विशेषकर चीन के बीच दुनिया का चौधरी बनने की दौड़ पर ज्यादा ध्यान दे सकें, तो वह अब मुमकिन नहीं रह गया है।

एक 'नया मध्य-पूर्व', जिसमें सभी देश शांति और परस्पर प्रेमभाव से रहें, के आकार लेने की उम्मीदें धूल में मिल चुकी हैं। एक नए अध्याय की शुरुआत तो दूर की बात रही, मध्य-पूर्व रिवर्स गियर में चला गया है। खून-खराबे, अविश्वास और अदावत के पुराने दौर में। हमास के हमले पर कुछ अरब देश और मुसलमानों का एक तबका तालियां बजा रहा है। जाहिर है कि जब इजराइल बदले की कार्रवाई करेगा, तो ये लोग खुश नहीं होंगे। अरब देशों के शासकों को यह डर सता रहा है कि इस घटनाक्रम के चलते उनके देश की जनता में असंतोष न भड़क उठे। कई लोगों का तो यह मानना है कि इजराइल पर हमला इस समय इसलिए किया गया ताकि इजराइल और सऊदी अरब के बीच सम्बंध सामान्य करने की कवायद को रोका सके और यह भी कि इसके पीछे ईरान है। पिछले महीने तक सऊदी अरब, इजराइल के साथ बेहतर सम्बंध स्थापित करने के प्रति काफी उत्साहित नजर आ रहा था। पर अब सब कुछ बदल गया है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले के लिए 'लम्बे समय से जारी कब्जे, फिलस्तीनी लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित किए जाने और फिलस्तीनियों के लिए पवित्र और अहम स्थानों के खिलाफ योजनाबद्ध भड़काने वाली कार्यवाहियों' को जिम्मेदार ठहराया है।

इजराइल प्रतिशोध की आग में जल रहा है। वहां के रक्षा मंत्री येव गैलेंट ने कहा है कि 'हम नरपशुओं से युद्धरत हैं और हमारा व्यवहार इसी के अनुरूप होगा'। इजराइल और सऊदी अरब के बीच किसी भी प्रकार के समझौते की सम्भावना शून्य हो गई है। अब इजराइल का कोई नेता, फिलस्तीनियों के साथ किसी भी प्रकार की रियायत करने की बात तक नहीं कर सकता और सऊदी अरब, इजराइल के प्रति नरम रुख अपनाने की सोच भी नहीं सकता। और बाइडेन प्रशासन को अहसास है कि एक लम्बे अरसे तक इजराइल-सऊदी समझौते की बात करना भी बेकार होगा। अमेरिका और बाइडेन के लिए इससे भी बड़ी समस्या है ईरान। रिपब्लिकन कह रहे हैं कि इजराइल पर हमले और बाइडेन की ईरान के प्रति रुख में सीधा सम्बंध है। रिपब्लिकन ईरान पर अधिकतम दबाव बनाये रखने की अमेरिकी नीति को त्यागने के लिए बाइडेन पर हमलावर हैं, विशेषकर इसलिए क्योंकि उन्होंने ईरान में कैद पांच अमेरिकी नागरिकों को रिहा करवाने के लिए उस देश के साथ सौदा किया था। अपने देश में बाइडेन चौतरफा मुसीबतों से घिरे हुए हैं। चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, कांग्रेस पंगु है, सीनेट का स्पीकर नहीं है और नवम्बर में सरकार के शटडाउन का डर बना हुआ है। शांति की जगह युद्ध ने ले ली है और उम्मीद की जगह हताशा ने। दुनिया को अब दो युद्धों से निपटना है। यूक्रेन का युद्ध, जिसका आज 600वां दिन है, और मध्य-पूर्व की लड़ाई, जो अपने 11वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। एक पुराना श्राप है, जो आशीर्वाद जैसा लगता है, 'मे यू लिव इन इंटरेस्टिंग टाइम्स'। निश्चित रूप से हम दिलचस्प दौर में जी रहे हैं। मगर यह दौर, भयावह अनिश्चितता और त्रासदी का दौर भी है।

बिना चेहरे के लड़ रही भाजपा

भाजपा पिछले 20 साल में पहली बार राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बिना मुख्यमंत्री का चेहरा प्रोजेक्ट किए चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने पहली बार 2003 में राजस्थान और मध्य प्रदेश में सीएम का दावेदार पेश करके चुनाव लड़ा था। राजस्थान में वसुंधरा राजे और मध्य प्रदेश में उमा भारती को मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित किया गया था। उस चुनाव में भाजपा तीनों राज्यों में भारी बहुमत से जीती। चुनाव के बाद राजस्थान में वसुंधरा, मध्य प्रदेश में उमा भारती और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह मुख्यमंत्री बने। उसके बाद के सभी चुनाव भाजपा ने सीएम का चेहरा पेश करके ही लड़ा। राजस्थान में तो पिछले 20 साल से वसुंधरा और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह चेहरा रहे। मध्य प्रदेश में 2008 से लगातार तीन चुनाव में शिवराज सिंह चौहान चेहरा रहे हैं। इस तरह भाजपा ने 20 साल का रिवाज बदला है। पिछले 20 साल में पहली बार भाजपा किसी एक नेता का चेहरा पेश करने की बजाय सामूहिक नेतृत्व या राष्ट्रीय नेता के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। यह बहुत जोखिम का मामला है। तभी सवाल है कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह जोखिम क्यों लिया। क्यों किसी नेता का चेहरा प्रोजेक्ट करके चुनाव लड़ने की बजाय अपना चेहरा दांव पर लगाया। ध्यान रहे अगले सात-आठ महीने में लोकसभा का चुनाव होने वाला है उससे पहले इन चुनावों को लोकसभा चुनाव का रिहर्सल माना जा रहा है। इसमें भाजपा ने बड़ा प्रयोग किया है तो जाहिर है कि इसके पीछे कोई बड़ा कारण और कोई बड़ी योजना होगी। एक कारण तो यह दिख रहा है कि पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में भाजपा के प्रादेशिक क्षत्रप बुरी तरह से पिटे हैं। भाजपा ने इस साल मई में कर्नाटक में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के चेहरे पर चुनाव लड़ा। पार्टी ने बीएस येदियुरप्पा को हटा कर बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया था और एक बड़े लिंगायत नेता के तौर पर उनको पेश किया था। लेकिन उनकी तीन साल की एंटी इन्कम्बैंसी पार्टी को ले डूबी। भाजपा वहां बुरी तरह से चुनाव हारी। उससे पहले पिछले साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में भी चुनाव हुए थे। हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने जयराम ठाकुर के चेहरे पर चुनाव लड़ा, जो लगातार पांच साल मुख्यमंत्री रहे थे और वहां भी पार्टी चुनाव हार गई। इससे उलट गुजरात में भाजपा ने चुनाव से पहले विजय रूपानी को हटा कर दो बार के विधायक और निराकार चेहरे वाले भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बनाया था और चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह प्रयोग उत्तराखंड में भी सफल हुआ था, जहां ऐन चुनाव से पहले दो मुख्यमंत्री बदले गए और अपेक्षाकृत नए नेता पुष्कर धामी को सीएम बना कर पार्टी चुनाव लड़ी और रिवाज तोड़ कर लगातार दूसरी बार जीत गई।

तस्वीरों की दुनिया

मेरठ के लोहिया नगर में एक साबुन बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट के बाद घटनास्थल पर पुलिसकर्मी और अग्निशमन कर्मी।

भाजपा मुख्यालय में राजस्थान के विश्वराज महाराज और भवानी सिंह कालवी का पार्टी में शामिल होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा स्वागत किया गया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी आगामी राज्य विधानसभा चुनावों से पहले मिजोरम की अपनी यात्रा के दौरान आइजोल में दोपहिया वाहन पर सवार हुए।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पटना में नए एमएलसी राजवर्धन आज़ाद को उनके शपथ ग्रहण समारोह के दौरान बधाई देते हुए।

रांची में सामुदायिक पंडाल में देवी दुर्गा की एक मूर्ति।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 के उद्घाटन में शामिल हुए।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के दौरान अभिनेत्री आलिया भट्ट और अभिनेता रणबीर कपूर।

भाजपा सांसद संगमलाल ने बीजद पर कसा तंज, बोले- सरकार ने ओबीसी वर्ग को शिक्षा-रोजगार से रखा दूर

भुवनेश्वर, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

ओडिशा में कुल आबादी का 54 प्रतिशत पिछड़े और ओबीसी वर्ग के लोग हैं। हालांकि, भाजपा ने आरोप लगाया कि राज्य में सत्तारूढ़ बीजद सरकार ओबीसी के साथ लगातार अन्याय कर रही है और उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों से वंचित करने से पीछे नहीं हट रही है।भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद संगमलाल गुप्ता ने भुवनेश्वर में संवाददाताओं से कहा कि ओडिशा में ओबीसी को शिक्षा, रोजगार और संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। एनएएम में केवल ओबीसी आयोग का गठन किया गया है लेकिन उन्हें संवैधानिक दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि बीजद सरकार ने ओबीसी वर्ग के भाई-बहनों को सम्मान और अधिकार देने में विश्वासघात किया है। चुनाव नजदीक होने के कारण ओबीसी सर्वे और गणना के झूठे बहाने बना रहे हैं। केंद्र सरकार चिकित्सा, दंत चिकित्सा, नवोदय, केन्द्रीय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों में आरक्षण प्रदान कर रही है। गुप्ता ने पूछा कि ओडिशा में यह व्यवस्था लागू क्यों नहीं की जा रही है और इसे कब लागू किया जाएगा। जब भाजपा शासित राज्यों में ओबीसी के लिए शिक्षा में प्रवेश के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है तो फिर ओडिशा में क्यों नहीं है। केंद्र की मोदी सरकार चिंतित है और ओबीसी के अधिकारों और सम्मान के लिए काम कर रही है। राष्ट्रीय ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला हुआ है। ओडिशा की बीजद सरकार लंबे समय तक 54 प्रतिशत ओबीसी वर्ग को धोखा नहीं दे पाएगी। ओबीसी वर्ग, ओबीसी विरोधी बीजद सरकार को करारा जवाब देगा।

स्पाइसजेट का विमान इज़रायल से 286 यात्रियों को लेकर पहुंचा दिल्ली, लगे भारत माता के नारे

नई दिल्ली। तेल अवीव से 18 नेपाली नागरिकों सहित 286 यात्रियों को लेकर स्पाइसजेट की पांचवीं उड़ान मंगलवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंची। ऑपरेशन अजेय के तहत भारत आने वाली यह पांचवीं उड़ान है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि पांचवीं उड़ान में 18 नेपाली नागरिकों सहित 286 यात्री पहुंचे। फ्लाइट से आए यात्रियों में 22 लोग केरल के थे। उन्होंने सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन द्वारा हवाई अड्डे पर यात्रियों के स्वागत की तस्वीरें भी साझा कीं।

पर्यटकों के लिए इको पर्यटन स्थलों पर विकसित होंगी सुविधाएं, सीएम योगी ने दिए दिशानिर्देश

लखनऊ, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इको पर्यटन की संभावनाओं को विस्तार देने के लिए अधिक से अधिक पर्यटक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दुधवा नेशनल पार्क, चूका टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य जैसे स्थलों के लिए हेलीकाप्टर सेवा, फोरलेन सड़क मार्ग, गाइड, ठहरने एवं खाने-पीने जैसी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर विकसित की जाएं। वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों की सड़कों के किनारे जागरूकता वाले साइनेज लगाए जाएं। मुख्यमंत्री आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य वन्यजीव बोर्ड की 15वीं बैठक में सीएम योगी ने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से अविरल और निर्मल हो रही गंगा में डाल्फिन की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

डाल्फिन के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए डाल्फिन मित्र नियुक्त करें। राज्य पशु बारहसिंघा और राज्य पक्षी सारस के संरक्षण के लिए चरणबद्ध ढंग से कार्य आगे बढ़ाया जाए। नियोजित प्रयासों से ही प्रदेश में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीवों के रेसक्यू में संवेदनशीलता के साथ मानकों का ध्यान रखा जाए। राज्य में वेटलैंड संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। अब तक 10 रामसर साइट घोषित हो चुकी हैं। संतकबीरनगर की बखीरा झील इको पर्यटन के लिए संभावनाओं से भरी है। यहां के विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करें। महराजगंज के सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग में स्थित महाव नाले के चौड़ीकरण और गहरीकरण के कार्य जल्दी पूरा किया जाए। इस संबंध में वन भूमि के स्थानांतरण का कार्य शीघ्र किया जाए।

वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों में नदियों की गाद निकालने का काम सुनियोजित ढंग से किया जाए। इससे जलप्लावन की समस्या का निराकरण हो सकेगा और वन्यजीवों का नुकसान भी कम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों में पर्यावरण के मानकों का ध्यान रखते हुए और उपयोगिता के आधार पर संपर्क मार्गों के निर्माण और चौड़ीकरण, मोबाइल टावर की स्थापना जैसे अवस्थापना कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, सूचना निदेशक शिशिर आदि उपस्थित थे।

मेघराज ने बदला मौसम का मिजाज, दो दिनों से हो रही बारिश हुई कम, मौसम विभाग ने दी ये जानकारी

कटुआ। जिलेभर में दूसरे दिन भी मंगलवार को वर्षा जारी रही। हालांकि दोपहर बाद मौसम में सुधार होने पर लोगों को राहत मिली, लेकिन सुबह से दोपहर तक जारी सामान्य गतिविधियों पर आंशिक प्रभाव पड़ा। इस बीच तीन दिनों से हो रही वर्षा से मौसम में काफी बदलाव आ गया है।

अधिकतम तापमान में दूसरे दिन भी 10 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई है, जबकि न्यूनतम तापमान भी 5 डिग्री तक नीचे चला गया है। उधर, कृषि मौसम विज्ञान केंद्र ने 18 अक्टूबर को हल्की बारिश की संभावना के साथ अगले पांच दिनों तक आसमान साफ रहने की संभावना जताई है।

हालांकि, इस दौरान बादल छाए रहने की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 24.0 से 29.0 और न्यूनतम तापमान 17.0 से 19.0 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। इस अवधि में एक किमी प्रति घंटा की औसत गति से उत्तर दिशा में हवा चलेगी।

पुंछ में मुगल रोड पर हटाई जा रही बर्फ दूसरे दिन भी वाहनों की आवाजाही रही ठप

पुंछ 18 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के अलग इलाकों में रुक-रुक हिमपात हो रहा है। जम्मू के राजौरी और पुंछ जिलों को दक्षिण कश्मीर के शोपियां से जोड़ने वाली सड़क के ऊंचाई वाले पीर की गली हिस्से में तीन फीट से अधिक बर्फ जमा हो गई है। साथ ही पुंछ में मुगल रोड पर कई फीट बर्फ जम गई, जिसको हटाने के लिए काम तेजी से चल रहा है। पिछले दो दिनों से राजौरी व पुंछ दोनों जिलों में बर्फ गिरने का सिलसिला लगातार जारी है, जिससे दूसरे दिन मंगलवार को भी मुगल रोड पर वाहनों की आवाजाही बंद रही। रविवार रात्रि से मुगल रोड पर बर्फ गिरने का सिलसिला लगातार जारी है, जिसे देखते हुए सोमवार से इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया गया।

महाकुंभ 2025 के लिए दो हजार करोड़ के प्रोजेक्ट पूरा कराने में जुटी योगी सरकार, छह लाख श्रद्धालु करेंगे शिरकत

लखनऊ, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को दिव्य, भव्य व सुव्यवस्थित बनाने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस भव्य आयोजन के लिए सड़क, पुल, बिजली, मेला क्षेत्र के विस्तारीकरण और व्यवस्थापन से जुड़े दो हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट धरातल पर आ चुके हैं, इन्हें जल्द पूरा कराने में सरकार जुट गई है। इसके अलावा विभिन्न विभागों की 3738 करोड़ रुपये की 260 परियोजनाएं भी चल रही हैं। इस बार महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से शुरू होकर 26 फरवरी यानी 45 दिन चलेगा। इस दौरान मेला में करीब छह करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। 40 लाख श्रद्धालु शाही स्नान में आ सकते हैं। 40 लाख कल्पवासी भी हो सकते हैं। यहां डिजिटल म्यूजियम बनाए

जाएंगे। ड्रोन से मेला क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। मेला क्षेत्र में रोप-वे, पीपा पुल, आरओबी आदि का निर्माण समय से पूरा करने एवं वीआइपी के साथ सामान्य श्रद्धालुओं के ठहरने की भी व्यवस्था किए जाने पर फोकस कर रही है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने लगभग 3738 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की 260 परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की लगातार निगरानी करने मूलभूत सुविधाओं के साथ पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग आदि की सुचारु व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सड़कों व चौराहा से अतिक्रमण हटाने के साथ इनका चौड़ीकरण और सुंदरीकरण करने के लिए कहा गया है।

मेलाधिकारी विजय किरन आनन्द ने बताया कि महाकुंभ 2025 में पिछले कुंभ की तुलना में अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, इसलिए मेला क्षेत्र को चार हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में व 25 सेक्टरों में बसाया जाएगा। लगभग 1800 हेक्टेयर में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। 13 किलोमीटर लंबे सात रिवर फ्रंट रोड, ग्रीन बेल्ट का विकास, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था तथा वेंडिंग जोन की व्यवस्था भी कराई जाएगी। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए एक हजार शटल बसों के साथ इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था की जाएगी।

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में विधायक रामदुलार को हाईकोर्ट से नहीं फिलहाल राहत, इतने दिनों के लिए टली सुनवाई

सोनभद्र, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

नाबालिक लड़की से दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट के आरोपों से घिरे दुद्धी विधायक रामदुलार गोड़ को फिलहाल राहत मिली है। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद एडीजे प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए 20 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज ने विधायक के आरोपों को लेकर जिला जज से चार सप्ताह में आख्या मांगी है।विधायक ने एडीजे प्रथम कोर्ट से न्याय न मिलने की आशंका जाहिर करते हुए केस ट्रांसफर की अपील किया था। अब 20 नवंबर को होने वाली सुनवाई के बाद ही कोई फैसला सामने आने की उम्मीद है।किशोरी से दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपों से घिरे दुद्धी विधायक के मामले में एडीएम प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत में सुनवाई लगभग पूरी हो चुकी है। पहले चर्चा थी कि 12 अक्टूबर को इस मामले में न्यायालय फैसला सुनाएगा लेकिन एन वक्त पर विधायक ने जिला जज के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर न्याय न मिलने की आशंका जताते हुए दूसरे कोर्ट में फाइल स्थानांतरित करने की अपील की थी।जिला जज ने हालांकि जिला जज ने उनकी इस अपील को इस तर्क के साथ खारिज कर दिया था कि जिले में एमपी एमएलए से जुड़े मामले की सुनवाई का अधिकार सिर्फ एक कोर्ट को है, इसलिए वहां से मुकदमा स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। मंगलवार को सुनवाई की तिथि पर विधायक समर्थकों संग अपने अधिवक्ता के चेंबर में दोपहर बाद पहुंच गए थे।

वे एक बार न्यायालय की ओर गए लेकिन बीच रास्ते से लौट गए। फिर शाम करीब चार बजे दोनों कोर्ट में पहुंचे और वहां से हस्ताक्षर बनाकर लौट गए।अभियोजन पक्ष के अनुसार इस मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को सुनिश्चित की गई है। विधायक पर यह है आरोप म्योरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के भाई ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि था रामदुलार गोंड ने उनकी बहन के साथ दुष्कर्म किया था।विभिन्न तरह के आरोप लगाकर उसने कार्रवाई की मांग की थी। उसकी तहरीर पर पुलिस ने रामदुलार के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर न्यायालय में प्रभावी पैरवी शुरू की थी।

ईडी के हाथ लगी बड़ी सफलता, छात्रवृत्ति घोटाले में जब्त की 6.25 करोड़ रुपये की संपत्ति

शिमला, 18 अक्टूबर ।

हिमाचल प्रदेश के 250 करोड़ रुपये के छात्रवृत्ति घोटाले में ईडी ने 6.25 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें मोहाली और शिमला में पांच आवासीय प्लाट और 14 बैंक खातों की राशि शामिल है। इसे अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के प्रविधानों के तहत राजदीप सिंह, कृष्ण कुमार और अन्य की संपत्ति जब्त की गई।ईडी छात्रवृत्ति घोटाले में सीबीआई शिमला की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच कर रही है। ईडी की जांच से पता चला कि राजदीप सिंह और कृष्ण कुमार ने मेसर्स एएसएएमएस एजुकेशन ग्रुप एंड स्किल डेवलपमेंट सोसायटी के माध्यम से जाली दस्तावेज पेश करके एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक योजना के तहत छात्रवृत्ति का दावा किया था।इन दावों को अरविंद राजटा ने सत्यापित किया था, जो उच्च शिक्षा निदेशालय में तैनात था। ईडी ने 31 अगस्त को राजदीप सिंह और कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया था।

हितेश गांधी, उपाध्यक्ष केसी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस, पंडोगा और उच्च शिक्षा निदेशालय की छात्रवृत्ति शाखा के तत्कालीन अधिकारी अरविंद राजटा सहित चारों आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले वर्ष, 2022 में 4.42 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। इस मामले में अब तक कुर्क की गई अपराध की कुल आय 10.67 करोड़ रुपये है।

यह है मामला 2013 से 17 तक प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तौर पर विद्यार्थियों को 266.32 करोड़ रुपये दिए गए। इनमें गड़बड़ी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में हुई है। आरोप है कि कई संस्थानों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर छात्रवृत्ति की मोटी राशि हड़प ली। जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को कई साल तक छात्रवृत्ति ही नहीं मिल पाई। थाना छोटा शिमला में 16 नवंबर, 2018 में शिक्षा विभाग की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। फिर मामला सीबीआई को दे दिया गया।

लोकायुक्त टीम की कार कुंडम में पलटी, दो आरक्षक गंभीर रूप से घायल, कुछ को मामूली चोट

जबलपुर, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

डिंडौरी के शहपुरा में ट्रैप की कार्रवाई करके लौट रही लोकायुक्त की टीम की कार कुंडम के पास पलट गई। इस हादसे में दो आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कुछ को मामूली चोट आई है। घटना मंगलवार रात कुंडम के ग्राम ददरगवां के पास हुई। घायलों को दमोहनाका के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।लोकायुक्त संगठन जबलपुर के एसपी संजय साहू ने बताया कि निरीक्षक रेखा प्रजापति, भूपेंद्र दीवान, आरक्षक गोविंद सिंह और दिनेश दुबे समेत सात लोगों की टीम मंगलवार को डिंडोरी जिला के शहपुरा पहुंची। वहां टीम ने रोजगार सहायक नानसिंह मरकाम को 500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

कार्रवाई के बाद टीम जबलपुर लौट रही थी। टीम का वाहन कुंडम के ग्राम ददरगवां के पास पहुंचा ही था कि वह अचानक अनियंत्रित हो गया। चालक उसे काबू कर पाता इसके पूर्व वाहन पलट गया। घटना में गोविंद सिंह का जहां पर टूट गया वहीं दिनेश को गंभीर चोटे आई।सूचना मिलते ही कुंडम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस से दमोह नाका स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां गोविंद सिंह और दिनेश को भर्ती कर लिया गया है।

किताब में लिखी घटना बिल्कुल सच... अजित पवार को लेकर मीरा बोरवंकर ने खोले राज

मुंबई, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि संभवत उन्होंने पुणे में पुलिस विभाग की एक जमीन सौदे की स्थिति के बारे में वहां की तत्कालीन पुलिस आयुक्त मीरा बोरवणकर से पूछा होगा। हालांकि, इस आरोप से उन्होंने इन्कार किया कि बिल्डर को भूखंड सौंपने के लिए कहा था। मीरा ने अपनी किताब मैडम कमिश्नर में पवार के संदर्भ में आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि 2010 में तत्कालीन जिला मंत्री ने जोर दिया था कि वह पुलिस विभाग के नीलाम किए गए भूखंड को सफल बोली लगाने वाले को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करें। सफल बोली लगाने वाले को बाद में 2-जी घोटाले के

आरोपित के रूप में उद्धृत किया गया है।मीरा ने लिखा है कि उन्होंने इस कदम का विरोध किया था। पवार उस समय वहां के प्रभारी मंत्री थे। पवार ने मीडिया से कहा कि मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने उनसे भूखंड सौदे की स्थिति के बारे में पूछा होगा और उन्होंने भूमि सौंपने पर अपना विरोध जताया होगा।

इसके अलावा, मैंने सौदे को आगे बढ़ाने की कोई कोशिश नहीं की। मैंने उनसे सौदे के बारे में इसलिए पूछा क्योंकि एक समिति ने निजी बिल्डर को भूखंड सौंपने का फैसला किया था। लेकिन, उस फैसले को लागू नहीं किया जा रहा था। राकांपा नेता ने मीरा का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि उनके खिलाफ एक सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी द्वारा कुछ आरोप लगाए गए हैं।

तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले एक्शन 130 करोड़ रुपये से ज्यादा हुई चुनावी जब्ती

हैदराबाद, 18 अक्टूबर ।

विधानसभा चुवाव के लिए आदर्श आचार सहिता लागू होने के बाद मंगलवार को तेलंगाना में चुनाव संबंधी जब्ती 130 करोड़ रुपये को पार कर गई। समाचार के अनुसार, राज्य में चुनाव संबंधी जब्ती मामले में कुल 71.55 करोड़ रुपये नकद, 72.267 किलोग्राम सोना, 429 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है। इसके अलावा 7.75 करोड़ रुपये से अधिक की शराब, 4.58 करोड़ रुपये का गांजा और 6.29 रुपये के अन्य सामान हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, करोड़ रुपये जब्त किए गए।

राज्य में 30 नवंबर को मतदान होना है।इस बीच, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विकास राज ने राजनीतिक दलों को शांतिपूर्ण माहौल में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कराने में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों की शिकायतों पर ध्यान देने का भी वादा किया।

थोक कारोबारियों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, सरगना समेत तीन गिरफ्तार

नईदिल्ली, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

उत्तरी जिले की साइबर सेल थाना पुलिस ने फर्जी कंपनियों के जरिए थोक कारोबारियों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर सरगना समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की निशानदेही पर ठगे गये करीब तीन लाख रुपये की कीमत के सामान आदि बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में निहाल विहार का रहने वाला नूर मोहम्मद, पश्चिमी सागर पुर का रहने वाला मनीष सैमसन और निरंकारी कालोनी का रहने वाला धर्मवीर है।आरोपितों के पास थोक कारोबारियों से खरीदे गए 850 जोड़ी बैडमिंटन रैकेट, 285 क्रिकेट बैट, 13 कैरम बोर्ड, 40 हेयर ड्रायर समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। डीसीपी मनोज कुमार मीना के अनुसार, बुराड़ी के रहने वाले संदीप कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित की सदर बाजार में फैसी फर्नीचर की थोक की दुकान है। उन्हें अप्रैल में इंडिया मार्ट के माध्यम से बड़ी संख्या में फर्नीचर की आपूर्ति का आर्डर मिला । संदीप ने सदर बाजार स्थित फर्म के गोदाम पर सामान पहुंचा दिया और बदले में फिरोज नाम के शख्स ने भुगतान का मैसेज दिखाया। लेकिन रुपये बैंक में जमा नहीं हुए तो पीड़ित को ठगे जाने का अहसास हुआ। इसके बाद उसने एफआईआर दर्ज कराई। साइबर थाने के एसएचओ की देखरेख में गठित टीम ने जांच शुरू की। पुलिस को टेक्निकल सर्विलांस और काल डिटेल्स के आधार पर पता चला कि इसमें निहाल विहार इलाके में छिपा हुआ नूर मोहम्मद शामिल था। इसके बाद आरोपित की पहचान की पुष्टि के लिए हवलदार सोनिका को कूरियर डिलवरी करने वाला बनाकर भेजा गया। फिर पुष्टि होने के बाद इंस्पेक्टर संदीप श्रीवास्तव की टीम ने शनिवार को छापा मारकर नूर को गिरफ्तार कर लिया। नूर की निशानदेही पर मनीष सैमसन और धर्मवीर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कब्जे से सामान बरामद कर लिया गया। पुलिस ने 28 एटीएम कार्ड, 27 पहचान पत्र और 51 चेकबुक बरामद किए हैं।वर्ष 2020 से कर रहे फर्जीवाड़ा मनीष सैमसन निजी क्षेत्र के बैंक में सेल्स मैनेजर था। वह बैंक से कई कंपनियों की जानकारी और लोगों के पहचान पत्र निकालकर आरोपितों को मुहैया कराता था। इसी पर बैंक खाते खुलवाए और सिम आदि निकाले जाते थे। इसके बाद प्रमुख बाजारों में कार्यालय ढूंढ़ने के बाद गिरोह का सदस्य अमन कपूर किराए पर लेने के लिए जाता था। फिर फर्जी कंपनी बनाकर इंडिया मार्ट पर पंजीकृत कारोबारियों से संपर्क कर उससे सामान अपने आफिस कम गोदाम पर मंगवाया जाता था। इसके बाद फर्जी भुगतान स्लिप या चेक द्वारा भुगतान किया जाता था। सामान आने के बाद ये लोग आनन फानन मे उसे लेकर फरार हो जाते थे।

चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, हाई कोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

नईदिल्ली, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने कौशल विकास निगम घोटाला मामले में तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने से इनकार करने के हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रखा।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और राज्य सरकार का पक्ष रख रहे मुकुल रोहतगी की दलीलों पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। नायडू को 2015 में मुख्यमंत्री रहते हुए कौशल विकास निगम से धन का गबन करने के मामले में नौ सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। सरकारी खजाने को 371 करोड़ रुपये का नुकसान होने का दावा किया गया है। आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने 22 सितंबर को नायडू की याचिका को खारिज कर दिया था।

दो, तीन या फिर चार... एक साथ ज्यादा से ज्यादा कितने केले खा सकते हैं? एक्सपर्ट से जानिए जवाब

पाचन संबंधी समस्याओं के लिए केला खाना अच्छा माना जाता है. ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि केले में हाई पोषण होता है. साथ ही साथ इसमें फाइब, विटामिन बी6 और पोटेशियम की मात्रा सबसे अधिक होती है. हेल्थ एक्सपर्ट से लेकर रिसर्च कहते हैं कि केला हाई कार्बोहाइड्रेट और एनर्जी से भरपूर होता है.

एक्सरसाइज करने से पहले या नाश्ते में केला खाना एक बेस्ट ऑप्शन है. लेकिन आप रोजाना कितने केले खा रहे हैं यह सबसे महत्वपूर्ण है. केले में पोटेशियम, फाइबर, विटामिन बी 6, सी, एंटीऑक्सिडेंट और कैरोटीनॉयड और फ्लेवोनोइड जैसे फाइटोकेमिकल्स से युक्त पोषक तत्व होते हैं जो एक पावरहाउस की तरह काम करता हैं.

केला पाचन को अच्छा करने के साथ-साथ दिल की बीमारी के जोखिम को भी दूर रखता है. इसमें भरपूर मात्रा में पोटेशियम होता है. केला से बीपी भी कंट्रोल में रहता है और यह हाई बीमी के जोखिम को कम करने में मदद करता है.

एक रिपोर्ट के मुताबिक पोटेशियम से दिल की बीमारी का जोखिम 27 प्रतिशत तक कम हो सकता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक केला में फाइबर होता है जो वजन घटाने में मदद कर सकता है. क्योंकि यह लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस करने में मदद करता है.

केले, खासकर अगर ठीक से न छीले जाएं, तो उनमें टायरामाइन नामक पदार्थ होता है, जो माइग्रेन को तुरंत ट्रिगर करता है.

रिपोर्ट के अनुसार, टायरामाइन को इसके निर्माण के तरीके के कारण मोनोमाइन कहा जाता है. हमारे शरीर के अंदर, मोनोमाइन ऑक्सीडेज (रुढ़) नामक एक एंजाइम होता है जो टायरामाइन जैसे मोनोमाइन को तोड़ता है. यह एंजाइम टायरामाइन से निपटने में मदद करता है. इसलिए, यदि आप माइग्रेन से पीड़ित हैं और आपके शरीर में पर्याप्त एमएओ नहीं हैं, तो टायरामाइन युक्त खाद्य पदार्थ खाने से आपको सिरदर्द हो सकता है.

केले की मध्यम मात्रा आपके स्वास्थ्य और वजन घटाने के लक्ष्य के लिए अच्छी है. हालांकि, केले को कैलोरी से भरपूर माना जाता है. इसलिए, जहां यह भूख से राहत दिलाने में मदद करता है, वहीं यह वजन बढ़ने का एक प्रमुख कारण भी बन जाता है. हालांकि, एक दिन में आपको कितने केले खाने चाहिए या नहीं खाने चाहिए इसकी कोई निश्चित संख्या नहीं है, लेकिन प्रति दिन 1-2 केले पर्याप्त माने जाते हैं.

केले में घुलनशील फाइबर, फरुक्टोज और अधिक कार्बोहाइड्रेट और कम मात्रा में पानी होता है. इसलिए, जब केले का अधिक सेवन किया जाता है, तो इससे कब्ज और गैस्ट्रिक समस्याएं हो सकती हैं. हैरानी की बात यह है कि बहुत अधिक केला खाने से कब्ज के दिक्कत के साथ नींद की समस्या भी हो सकती है.

ऐसा केले में ट्रिप्टोफैन नामक तत्व के कारण होता है. यह एक अमीनो एसिड है जिसका उपयोग शरीर प्रोटीन और सेरोटोनिन जैसे महत्वपूर्ण अणुओं को बनाने के लिए करता है. जो मूड और नींद की कमी को बढ़ाता है. केले में विटामिन बी6 होता है।

सावधान!

फ्रिज में भी छिपे हो सकते हैं डेंगू के मच्छर, 6 महीने तक रह सकते हैं जिंदा

देश के कई राज्यों में डेंगू के केस तेजी से बढ़ रहे हैं. इसकी वजह से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर उम्र के लोग डेंगू की चपेट में आ रहे हैं. इस बुखार से संक्रमित होने वाले मरीजों की संख्या अस्पताल में तेजी से बढ़ रही है. कई मामलों में शरीर का प्लेटलेट्स का लेवल काफी नीचे आ जाता है.

लगातार होती बारिश से डेंगू का खतरा बढ़ रहा है. घर में भी कई वजह से डेंगू के मच्छर पनप सकते हैं. इसमें से एक फ्रिज का ट्रे भी है. ऐसे में सावधाना रहना चाहिए. जानें क्या होता है डेंगू, किस मच्छर से फैलता है, इसके मच्छर कहां पनपते हैं, इसके लक्षण क्या होते हैं और इससे बचाव कैसे हो सकता है...

डेंगू क्या होता है और इसके लक्षण- डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है. बारिश के दिनों में जब धूप निकलती है और तापमान काफी बढ़ जाता है तो डेंगू के मच्छर एक्टिव हो जाते हैं. इस मच्छर के काटने के बाद तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, शरीर पर दाने और उल्टी-दस्त की समस्या हो सकती है. ज्यादातर मामलों में बुखार खुद ही ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ मरीजों में इसके गंभीर लक्षण देखने को मिलते हैं. उनका प्लेटलेट्स काफी नीचे गिर जाता है और यह खतरनाक हो सकता है.

फ्रिज की ट्रे में हो सकता है डेंगू- हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है. डेंगू के मच्छर को ब्रीडिंग के लिए थोड़ा सा भी पानी काफी होता है. यही कारण है कि घर में रखे फ्रिज की ट्रे में भी यह पनप जाता है. कई बार फ्रिज की ट्रे में डेंगू का लार्वा मिल जाता है. हम सभी इन बातों से अनजान होते हैं और डेंगू की चपेट में आ जाते हैं. इसलिए समय-समय पर फ्रिज की ट्रे के पानी को साफ करते रहना चाहिए. हफ्ते में कम से कम दो बार ट्रे को साफ करना ठीक माना जाता है. कूलर और घर की छत पर रखे गमलों की साफ-सफाई भी नियमित तौर पर करनी चाहिए.

कितने समय तक एक्टिव रहता है डेंगू का लार्वा- हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डेंगू का अंडा यानी लार्वा छह महीने तक एक्टिव रहता है. इस दौरान अगर अंडा साफ पानी के संपर्क में आ जाता है तो मच्छर बन जाता है. ऐसे में कोशिश करें कि घर के आसपास जितनी साफ-सफाई हो सके करें. क्योंकि कई बार डेंगू जानलेवा भी हो सकीत है.

डेंगू से कैसे करें बचाव

सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें., पानी की टंकी को ढककर ही रखें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर रहें, नालियों की साफ-सफाई करें, बुखार आने पर तुरंत डेंगू की जांच करवाएं।

ओह माय गॉड 2 मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है: अन्वेषा

मौजूदा वक्त में अक्षय कुमार अपनी फिल्म ओह माय गॉड 2 की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। इसकी कहानी और सभी कलाकारों की अदाकारी को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं, लेकिन फिल्म में एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी के दम पर हर शख्स का ध्यान खींच लिया है और उनका नाम है अन्वेषा विज। ओह माय गॉड 2 में अन्वेषा ने पंकज त्रिपाठी की बेटी दमयंती का किरदार अदा किया है। 23 वर्षीया अन्वेषा ने फिल्म ओह माय गॉड 2 के जरिए बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा है।उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2022 में वेब सीरीज क्रैश कोर्स से की थी, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।सीरीज में उन्होंने निक्की कपूर का किरदार निभाया था, जिसके लिए उनकी काफी प्रशंसा भी हुई।इसके अलावा अन्वेषा मशहूर कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के साथ म्यूजिक वीडियो काजल में नजर आ चुकी हैं। अन्वेषा ने ओह माय गॉड 2 की सफलता पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया, मैं बहुत खुशनसीब हूं। ओह माय गॉड 2 जैसी फिल्म मिलना मेरे लिए सपने की तरह था। मैं जैसी असल जिंदगी में हूं, उससे बहुत अलग फिल्म में मेरा किरदार है। यह मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है।अन्वेषा ने बताया कि जब उन्होंने दिल्ली में ओह माय गॉड 2 के लिए ऑडिशन दिया था तो उन्हें यह नहीं पता था कि यह अक्षय की फिल्म के लिए है।

बड़े मियां छोटे मियां को 25 साल पूरे, रवीना ने की फिल्म के सीक्वल पर बात

करण जौहर की कुछ कुछ होता है के साथ 1998 में आई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था।इसमें गोविंदा, अमिताभ बच्चन और रवीना टंडन मुख्य भूमिकाओं में थे।16 अक्टूबर को इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 25 साल पूरे कर लिए हैं।अब इस बीच रवीना ने खुलासा किया है कि उन्होंने इस फिल्म के लिए ऑडिशन नहीं दिया था। इसके अलावा उन्होंने फिल्म के सीक्वल पर भी बात की। रवीना ने कहा, मैंने फिल्म के लिए कोई ऑडिशन नहीं दिया था। उस वक्त हर कोई मुझे और मेरे काम को जानता था। मैं फिल्म के निर्देशक डेविड धवन सर के साथ काम करना चाहती थी और वो मेरे साथ।उन्होंने आगे कहा, फिल्म बड़े मियां छोटे मियां एक बेहतरीन फिल्म थी और मुझे इसका हिस्सा बनना था। मैं गोविंदा और अमिताभ के साथ पहले भी काम कर चुकी थी।बड़े मियां छोटे मियां के सीक्वल बनने पर रवीना ने कहा, मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे लगता है कि सीक्वल के लिए अभी बहुत देर हो चुकी है। बाकी जैसे निर्माता चाहें।

दिव्या खोसला कुमार की यारियां 2 का ट्रेलर जारी

इन दिनों दिव्या खोसला कुमार अपनी आगामी फिल्म यारियां को लेकर चर्चा में हैं। इसमें मीजान जाफरी, यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन और प्रिया प्रकाश वरियर और पर्ल वी पुरी भी अभिनय करते नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने प्रशंसकों के इंतजार को खत्म करते हुए यारियां 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो इमोशन और ड्रामे के साथ-साथ थोड़ा बहुत एक्शन से भरपूर है।यह फिल्म 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यारियां 2 के ट्रेलर ने फैंस की एक्साइटमेंट को भी काफी हद तक बढ़ा दिया है। यारियां 2 साल 2014 में आई फिल्म यारियां का सीक्वल है। इस फिल्म में हिमांश कोहली, रकुल प्रीत सिंह, एवलीन शर्मा और निकोल फारिया जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नज आए थे।इसका निर्देशन दिव्या खोसला कुमार ने किया था तो वहीं संजीव दत्ता फिल्म की कहानी लिखी थी।भूषण कुमार यारियां के निर्माता हैं। पहले पार्ट की अपार सफलता के बाद यारियां का सीक्वल आ रहा है।

नियॉन कलर की ड्रेस पहन मौनी रॉय ने दिए पोज

बी-टाउन की ग्लैमरस और खूबसूरत अभिनेत्री मौनी रॉय आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस का दिल मचलती रहती हैं। उनका हर कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अवतार देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। मौनी रॉय हमेशा अपनी फिटनेस और हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक कातिलाना अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टा पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बेहद हॉट लग रही हैं। मौनी रॉय जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। इन तस्वीरों में मौनी रॉय ने नियॉन कलर की स्टाइलिश बॉडीफिटेड आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट लुक्स में किलर पोज देते हुए कैमरे के सामने अपना फिगर फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। हालांकि उनके कर्वी फिगर को देख फैंस की नजरें उन पर से हटना मुश्किल हो गई है। हर कोई उनके इस लुक का दीवाना हुआ जा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस मौनी रॉय का हर एक लुक फैंस के बीच चर्चाओं का विषय बना रहता है। साथ ही फैंस उनका ये ड्रेसिंग सेंस देखकर उनसे टिप्स भी मांगते नजर आ रहे हैं।

टाइगर 3: सलमान के साथ कैटरीना ने भी लगाया एक्शन का जोरदार तड़का

सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी इंस्टॉलमेंट 'टाइगर 3' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. ये फिल्म साल 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. वहीं फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए 'टाइगर 3' का एक्शन पैक्ड ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. ट्रेलर में सलमान खान के इंटेंस लुक ने फैंस के होश उड़ा दिए हैं.

'टाइगर 3' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है. ट्रेलर की शुरुआत एक महिला की बैकग्राउंड आवाज से होती है जो कहती है देश के अमन और देश के दुश्मनों के बीच कितना फासला है. इसके बाद सलमान खान की दमदार एंट्री होती है. इसके बाद रेवती स्क्रीन पर नजर आती हैं और कहती हैं बस एक आदमी का. फिर सलमान खान रौंगटे खड़े कर देने वाले बाइक स्टंट करते हुए नजर आते हैं. इसके बाद सलमान और कैटरीना कैफ के हैप्पी पल स्क्रीन पर नजर आते हैं. जिसमें सलमान अपने परिवार यानी पत्नी कैटरीना और बेटे के साथ खुश जिंदगी बिताते दिखते हैं.

इसके साथ ही इमरान खान की आवाज भी सुनाई देती है जो कहते हैं हर बंदे की लाइफ की सबसे

कीमती अमानत उसकी फैमिली होती है. यानी कि बीवी का प्यार और बच्चे की खुशी. तूने मुझसे ये सब छिन लिया टाइगर, अब मेरी बारी है इस बार तू हारेगा टाइगर.तेरी फैमिली, तेरा मुल्क सब कुछ.. ये वादा है मेरा और मैं अपना वादा कभी नहीं तोड़ता.. इसी के साथ स्क्रीन पर इमरान हाशमी की झलक मिलती है. इसके बाद कैटरीना कैफ की भी धांसू एक्शन करते हुए एंट्री होती है. ट्रेलर में दमदार एक्शन के साथ ही इमोशंस का भी तगड़ा डोज देखने को मिल रहा है. इसके बाद सलमान खान कहते नजर आते हैं आतिशबाजी तुमने शुरू की खत्म मैं करूंगा....ट्रेलर के एंड में सलमान खान कुर्सी से बंधे हुए नजर आते हैं और फिर होती है इमरान हाशमी की दमदार एंट्री. इमरान का लुक काफी शानदार है. इमरान सलमान को कहते हैं वेलकम टू पाकिस्तान टाइगर.फिर सलमान कहते हैं जब तक टाइगर मरा नहीं तब तक टाइगकर हारा नहीं.ओवरऑल 2 मिनट 51 सेकंड का टाइगर 3 का ट्रेलर रौंगटे खड़े कर देने वाला है. एक्शन पैक्ड ट्रेलर को देख फैंस के होश उड़ गए हैं. इसी के साथ अब फैंस फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं. इससे पहले 27 सितंबर को टाइगर 3 का टीजर रिलीज किया गया था. जिसमें सलमान के दमदार लुक ने फैंस को काफी इंप्रेस किया था. वह टीजर में कहते नजर आते हैं, मेरा नाम अविनाश सिंह राठौड़ है. पर आप सबके लिए मैं टाइगर हूं, 20 साल अपना सब कुछ इंडिया की हिफाजत में लगा दिया. बदले में कुछ नहीं मांगा पर आज मांग रहा हूं...आज आप सबको ये बताया जा रहा है कि टाइगर आपका दुश्मन है. टाइगर गद्दार है. टाइगर दुश्मन नंबर वन है तो 20 साल की इंडिया की सर्विस के बाद मैं अपना कैरेक्टर सर्टिफिकेट मांग रहा हूं.मेरे बेटे को मैं नहीं इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था. गद्दार या देशभक्त...जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जयहिंद.

टाइगर 3 की बात करें तो ये वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पांचवी फिल्म है. इसमें सलमान खान के साथ कैटरीना कैफ, इमरान हाशमी लीड रोल में नजर आएंगे. इमरान फिल्म में नेगेटिव रोल में दिखेंगे. फिल्म को मनीष शर्मा ने डायरेक्ट किया है. बता दें कि टाइगर 3 दिवाली पर सिनेमाघरों में आ रही है. ये फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी.

शब्द सामर्थ्य -219

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'सेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक218का हल

खा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लु
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	र्या		न
	म			ज	र	दा		

मिशन रानीगंज को अब महज 112 रुपये में देख पाएंगे दर्शक, अक्षय ने खुद दी जानकारी

चर्चित इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित फिल्म मिशन रानीगंज 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में हैं।बेशक फिल्म में उनकी अदाकारी को काफी पसंद किया जा रहा है, लेकिन टिकट खिड़की पर यह पहले दिन से ही दर्शक जुटाने के लिए संघर्ष कर रही है।इस बीच अक्षय ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है।दरअसल, अब मिशन रानीगंज को आप महज 112 रुपये में देख सकते हैं। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर फिल्म मिशन रानीगंज का पोस्टर साझा किया है।उन्होंने लिखा, लाइट्स, कैमरा, मिशन। अभी सिर्फ 112 रुपये में मिशन रानीगंज का टिकट बुक करें और भारत के सच्चे नायक की कहानी अभी सिनेमाघरों में देखें।यह ऑफर सिनेमाघरों में महज 3 दिन (16-19 अक्टूबर) तक लागू होगा। मिशन रानीगंज ने अब तक 27.93 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसमें अक्षय की जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी है।

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त बैठक लेकर विभागवार ली जानकारी

कोरिया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह व पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डीएसपी, थाना प्रभारी, रेलवे, केंद्रीय पुलिस बल, दूरसंचार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कानून व्यवस्था व केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की स्थापना, उनके रुकने-ठहरने की जगह, शौचालय, पानी, भोजन मतदान व मतगणना स्थल पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के बारे में समुचित जानकारी ली।

श्री लंगेह ने बताया कि बैठक में विधानसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बलों की तैनाती के संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्देशों के बारे में संबंधित अधिकारियों से साझा की गई। कलेक्टर श्री लंगेह व पुलिस अधीक्षक श्री बंसल ने विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिये विभिन्न विभागों की सहायता एवं समन्वय पर व सभी विभागों से संबंधित सेवायें दूरस्थ अंचल में सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। बैठक में विभागों को दी गई जिम्मेदारी के तहत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति द्वारा केंद्रीय बल के लिये राशन सामग्री, पेट्रोल/डीजल का इंतजाम किया जाएगा। पुलिस बल एवं चुनाव ड्यूटी हेतु आवश्यक पी0ओ0एल0 स्टाक रखने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी स्थानों में विशेषत दूरस्थ अंचलों में डॉक्टर एवं अन्य आवश्यक दवाई, स्नेक बाइट किट, मलेरिया आदि की पर्याप्त दवाई उपलब्ध रखने के निर्देश दिए साथ ही आपातकालीन चिकित्सा सुविधा एवं पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों की उपलब्धता हेतु आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लीडिंग रोकने के लिये ब्लड क्लाथ भी उपलब्ध सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तथा बाहर से आने वाले बल का कैशलेस ट्रीटमेंट एवं आवश्यकता पड़ने पर वृहद स्तर पर नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई। कलेक्टर श्री लंगेह ने लोक निर्माण विभाग को चिन्हित स्थानों पर हेलीपेड का निर्माण करने, बाहर से आने वाले बलों की सुरक्षा हेतु आवश्यक संख्या/मात्रा में सैंड बैग, कंसर्टीना वायर, सीजीआई शीट, बल्ली बारबेड वायर, पिकेट आदि की व्यवस्था तथा जेसीबी वेल्डिंग मशीन, 3डी मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन विभाग को पुलिस बल के अस्थाई कैंप/मतदान केन्द्रों में सुरक्षा हेतु आवश्यक बांस-बल्ली उपलब्ध कराने को कहा। पुलिस बल के ठहरने वाले स्थान/रेलवे साइडिंग पर पीने के पानी/शौचालय की सुविधा व अग्निशमन यंत्र नगरीय निकाय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पुलिस बल के ठहरने वाले स्थान पर पीने के पानी की सुविधा हेतु आवश्यकतानुसार हैंडपंप खनन, जल आपूर्ति एवं स्टोरेज हेतु पानी के टैंक आदि की व्यवस्था, ऊर्जा विभाग द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति, सोलर लाइट, जनरेटर, परिवहन/पुलिस विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार केन्द्रीय अर्धसैनिक बल हेतु बस, ट्रक एवं अन्य वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। दूरसंचार विभाग द्वारा पुलिस बल हेतु आवश्यक सिम भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा कार्ड उपलब्ध कराया जायेंगी।रेल्वे द्वारा पुलिस बल की विशेष ट्रेन हेतु आवश्यक साईडिंग सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। चुनाव कार्य में बड़ी संख्या होमगार्ड, फारेस्ट गार्ड एवं कोटवारों को संलग्न करने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नंदिनी साहू, संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू, पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

पूरे मन से प्रशिक्षण लेने पर बेहतर कर सकेंगे चुनाव संबंधी काम

कोरिया। कोई प्रशिक्षण लें तो मनोयोग के साथ एकाग्र होकर उन सभी बारीक जानकारियों को समझे, जाने ताकि समस्या आने पर यही प्रशिक्षण काम आता है, यह बातें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण में भाग ले रहे कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कही।

सेंट जोसेफ विद्यालय में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। सीईओ ने कहा आप आगामी विधानसभा निर्वाचन कार्य में अपना दायित्व मानक के अनुसार पूरा कर सकें इसके लिए आपको प्रशिक्षण प्राप्त करने की बाध्यता है। डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व की तरह आयोजित होने वाले मतदान प्रक्रिया को निष्पादित कराने के लिए जरूरी है कि मतदान केंद्रों में नियुक्त किए जाने वाले प्रत्येक कार्मिक को ई व्ही एम की पूरी जानकारी रहे। इसके लिए जरूरी है कि आप सभी पूरी गंभीरता से निर्वाचन का प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कोरिया जिले में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सेंट जोसेफ विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला पंचायत सीईओ ने सभी कक्षों में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों से सीधे संवाद किया और प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही तकनीकी बातों पर प्रश्न पूछे और कर्मचारियों के शंकाओ का समाधान किया। मतदान केंद्र पर जाकर आदर्श आचार संहिता के पालन के साथ निर्वाचन दायित्व निर्वहन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि आप पूरी तरह से निर्भीक होकर निर्वाचन कार्य पूर्ण करें। प्रशिक्षण में बिना सूचना दिए अनुपस्थिति के सम्बंध में उन्होंने प्रशिक्षण के लिए संलग्न अधिकारी से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। विदित हो कि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में सेंट जोसेफ विद्यालय में सोमवार को 747 कार्मिक ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और मंगलवार को 767 विभिन्न विभागों के कार्मिक ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

ठेका मजदूरों के वेतन में 389 रुपये की वृद्धि

विश्रामपुर। एसईसीएल समेत कोल इंडिया व उसकी सहायक कंपनियों में कार्यरत ठेका कर्मियों के लिए अच्छी खबर है। कोल इंडिया प्रबंधन ने ठेका मजदूरों के वेतन में 389 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। अब ठेका मजदूरों को न्यूनतम 1176 रुपया व अधिकतम 1266 रुपया प्रतिदिन बेसिक मिलेगा। इसके साथ बेसिक में वीडीए की बढ़ोतरी जोड़ कर वेतन का भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को कोल इंडिया के जीएमपी गौतम बनर्जी के हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। निदेशक मंडल (एफडी) ने 25 सितंबर को आयोजित 458 वाँ बैठक में ठेका मजदूरों के वेतन और सामाजिक सुरक्षा में संशोधन के लिए राष्ट्रीय वेतन समझौता (एनसीडब्ल्यू-11) के तहत गठित ज्वांइट कमेटी यानी हाइ पावर कमेटी (एचपीसी) द्वारा की गई सिफारिशों को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके मुताबिक नौ अगस्त 2023 से ठेका कर्मियों को बढ़ा हुआ वेतन का लाभ मिलेगा। वहीं अंडर ग्राउंड भत्ते सहित अन्य नियम और शर्तें यथावत हैं। कोल इंडिया के इस निर्णय से एसईसीएल समेत कोल इंडिया की सहायक कंपनियों में कार्यरत करीब 90 हजार ठेका मजदूर लाभान्वित होंगे। बता दें कि वर्तमान में वीडीए छोड़ अनस्किल्ड ठेका कर्मियों को 787 रुपया, सेमी स्किल्ड को 817 रुपया, स्किल्ड को 847 व हाइ स्किल्ड ठेका कर्मियों को 877 रुपया प्रतिदिन का बेसिक मिलता है, जबकि वीडीए जोड़ उन्हें क्रमशः 1042 रुपया, 1082 रुपया, 1122 रुपया व 1162 रुपया प्रतिदिन का वेतन मिलता रहा है।

हाथियों के भय से सारी रात जाग रहे हैं प्रभावित क्षेत्र के लोग

उदयपुर। नगर पंचायत लखनपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण के बाद 11 हाथियों का दल फिर उदयपुर वन परिक्षेत्र में वापस लौट आया है। मंगलवार को हाथियों का दल ग्राम परोगिया में कोयला खदान के नजदीक पहुंच गया था। सोमवार की रात आबादी क्षेत्र के नजदीक से होकर हाथियों का दल गुजरा। जंगली हाथियों के भय से बच्चों,महिलाओं को साथ लेकर लोगों ने जाग कर रात बिताई। जंगली हाथियों की निगरानी में वन कर्मचारियों को लगाया गया है ताकि जनहानि की घटना न हो।

विगत सात सितंबर से ग्यारह हाथियों का दल उदयपुर वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है। इस बीच जंगली हाथियों ने नगर पंचायत लखनपुर क्षेत्र में भी प्रवेश किया था। अभी तक हाथियों द्वारा कई किसानों की धान व मक्का की फसल को बर्बाद किया जा चुका है। महुआटिकरा के जंगल में एक व्यक्ति को जंगली हाथियों ने कुचल कर मार डाला था। हाथी सोमवार को पतराघारा से जंगल किनारे होते हुए पूटा, बेलाबाह शरमा गांव पहुंच गए। हाथियों का मूवमेंट जिधर होता है उधर के ग्राम के लोगों को वन अमला द्वारा गजराज वाहन के माध्यम से मुनादी करा

हाथियों से बचने की सलाह दी जाती है ।जंगल किनारे रहने वाले ग्रामीणों को पक्के मकान या गांव के बीच सुरक्षित स्थान में एक जगह पर आग जलाकर रहने की समझाइश दी जा रही है । प्रभावित ग्राम के लोग छोटे बच्चे, बुजुर्गों, महिलाओं को लेकर अलाव के सहारे घर से बाहर रात बिताने को मजबूर हैं। लोगों के पास साधन नही होने पर कई बार वनकर्मचारियों ने अपने वाहन से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। कुछ लोग फोटो वीडियो के चक्कर में हाथियों के काफी नजदीक पहुंच जाते है। ग्यारह हाथियों का दल अभी बासेन से परोगिया जंगल में खदान क्षेत्र के बिलकुल नजदीक पहुंच गया है। प्रशिक्षु डीएफओ सह प्रभारी रेंजर अक्षय भोसले, रेंजर गजेंद्र दोहरे, वनपाल, चंद्रभान, परमेश्वर, शशिकांत सिंह, वनरक्षक दिनेश तिवारी नंदलाल, ऋषि रवि, प्रवीण शर्मा, धनेश्वर, बसंत भरत सहित अन्य स्टाफ दो पालियों में 24 घंटे इन हाथियों की निगरानी में लगे हुए है।

17 नवंबर मतदान दिवस पर औद्योगिक व निजी उपक्रम में कार्यरत कर्मचारी व श्रमिक को स्वीकृति किया जाएगा सवैतनिक अवकाश

सूरजपुर। सूरजपुर विधान सभा क्षेत्र क्रमशः 04-प्रेमनगर, 05-भटगांव व 06-प्रतापपुर में मतदान, द्वितीय चरण अर्थात् 17 नवंबर को सम्पन्न होगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) में उल्लेखित प्रावधानों एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के पत्र में दिये गये निर्देश के अनुक्रम में जिला-सूरजपुर में विधान सभा निर्वाचन-2023 हेतु 17 नवंबर को मतदान के दिन सूरजपुर जिले के समस्त औद्योगिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों एवं अन्य व्यवसाय या किसी अन्य स्थापन में नियोजित कार्यरत प्रत्येक कर्मचारियों व श्रमिकों को संवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा यह भी निर्देशित किया जाता है कि यह आदेश उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें मतदान दिवस को विधान सभा निर्वाचन-2023 से सम्बन्धित किसी भी कार्य के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

चुनाव प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण जिला निर्वाचन अधिकारी

सूरजपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल पोलिंग पर्सन ट्रेनिंग के द्वितीय दिवस पर भी सभी प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे थे। जिसमें शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर और शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक शाला सूरजपुर शामिल है। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल में प्रत्येक कक्ष मे जाकर निर्वाचन के लिए दिये जा रहे प्रशिक्षण की वस्तु स्थिति का सघन निरीक्षण किया। चुनाव प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में विशेष निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान हेतु मतदान दलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के एक अंग हैं। मतदान प्रक्रिया में सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है। अपना आचरण एवं व्यवहार सही रखते हुए मतदाताओं के समक्ष निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

लाखों के जेवरात से भरा बैग लेकर भाग निकले बाइक सवार



बलरामपुर। बलरामपुर जिले के रामानुजगंज में मंगलवार सुबह भीड़भाड़ वाले अग्रवाल मोहल्ला मोड़ के पास स्थित एक ज्वेलरी दुकान से बाइक सवार दो युवक सोने चांदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना के समय महिला संचालिका दुकान का शटर खोलने की तैयारी में थी और इस दौरान सोने चांदी से भरा बैग बाहर रखा हुआ था। बताया जा रहा है कि बैग में करीब सात-आठ लाख के जेवरात थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी संतलाल आयाम के साथ पुलिस टीम फरार लुटेरों की तलाश में जुटी है। सुबह 11 बजे अग्रवाल मोहल्ला मोड़ के पास स्थित शंभू ज्वेलर्स की संचालिका सुषमा सोनी अपना दुकान खोलने आई थी। वह अपने साथ प्रतिदिन सोना चांदी से भरा बैग घर ले जाती थी। शटर उठाकर जैसे ही दुकान में प्रवेश कर रही थी इसी दौरान दो बाइक सवार युवक के बैग को उठाकर तेजी से बिजली ऑफिस की ओर फरार हो गए। सोना चांदी के ज्वेलरी की कीमत करीब सात से आठ लाख रुपए बताई जा रही है। घटना से नगर में सनसनी फैल गई है। दुकान की संचालिका सुषमा सोनी के पति की दो वर्ष पूर्व कोरोना से मौत हो गई है। किसी प्रकार से वह दुकान का संचालन कर रही थी। दुकान की पूरी पूंजी लुट जाने से महिला का रो-रो कर बुरा हाल है। पूरा घटनाक्रम सीसी कैमरे में कैद हो गया है। इसमें स्पष्ट दिख रहा है कि दो युवक बाइक से आते हैं। एक हेलमेट पहनकर बाइक चला रहा है वही दूसरा पीछे बैठा हुआ है जो आराम से उतरकर पहले महिला की दुकान में जाकर बैग छीन कर भागने लगता है। इसके पीछे महिला दौड़ती है लेकिन तब तक लुटेरे भाग निकलते हैं।

ईएसएमएस एप्प पर एफएसटी और एसएसटी दल को मिला प्रशिक्षण

सूरजपुर। जिला पंचायत सभा कक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण की नोडल अधिकारी, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी), फ्लाईंग स्क्वायड (एफएसटी) टीम के प्रभारी अधिकारियों को ईएसएमएस एप्प पर प्रक्रिया के अनुरूप कार्य करने हेतु ईडीएम श्री मोहितेष्वर साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह द्वारा एफएसटी, एसएसटी टीम के सदस्यों को कर्तव्यों का निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के मार्गदर्शिका के संदर्भ में नियमों से अवगत कराया गया तथा प्रशिक्षण के दौरान टीम के अधिकारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

रायपुर निगम आवारा पशुओं को पकड़ने में नाकाम

रायपुर। रायपुर निगम आवारा पशुओं को पकड़ने सुस्त अभियान चला रही है. जिसका खामियाज मोहल्ले वाले भुगत रहे है. इस बीच एक नया वीडियो सामने आया है. वायरल वीडियो संतोषी नगर इलाके का है. जिसमे दो सांड लड़ाई करते नजर आ रहे है. वही रास्ते से गुजरने वाले लोग सकते में आ गए, एक बाइक चालक चपेट में आते बाल-बाल बचे। शहर के लाखे नगर बाजार इलाके में एडिंग कोई ना कोई साड के हम लोग से घायल होता ही रहता है, मुख्य बाजार में अचानक दंड अचानक लड़ते लड़ते दुकानों के बाहर स्थित कई वाहनों को अपनी चपेट में लेकर छतिग्रस्त कर देते हैं।

भ्रष्टाचार को लेकर एक दूसरे को लपेटने में जुटे प्रदेश के नेता, धान पर वाद विवाद

रायपुर। गृहमंत्री अमित शाह के उलटा लटकाने के बयान को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने करारा पलटवार किया है। राजेंद्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल के रमन सरकार के कार्यकाल में कर्ज से परेशान हजारों किसान फांसी पर लटके। केंद्र की मोदी सरकार ने तीन कृषि कानून लगाने का प्रयास कर किसानों को फांसी पर लटकाने की कोशिश की जो सफल नहीं हो सकी। अब गृहमंत्री अमित शाह किसानों को सबसे ज्यादा मूल्य देने वाले भूपेश सरकार पर झूठे, मनगढ़ंत आरोप लगाकर उलटा लटकाने की धमकी दे रहे हैं। राजेंद्र ने कहा कि शाह ने भूपेश सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। शाह बताएं कि बेरोजगार युवाओं को हर महीने 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता देना क्या भ्रष्टाचार है? क्या भूमिहीन मजदूरों को सालाना 7 हजार रुपए की सहायता राशि देना क्या भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है ? किसानों की कर्जमाफी और 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करने में शाह को भ्रष्टाचार कैसे नजर आ रहा है ? राजेंद्र ने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत गोपालकों और स्वसहायता समूह की महिलाओं से गोबर खरीदने में कैसा भ्रष्टाचार दिख रहा है। शाह यह भी बताएं कि आम जनता को बिजली बिल हाफ करने की राहत देकर भूपेश सरकार आखिर कौन सा भ्रष्टाचार कर रही है ? इन योजनाओं के अलावा स्वामी आत्मानंद स्कूल, हाट बाजार क्लीनिक, स्लम स्वास्थ्य योजना, धन्वंतरी योजना जैसी दर्जनों योजनाओं से प्रदेश की जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।

विधानसभा चुनाव को लेकर अब बयानबाजी का दौर जारी

रायपुर। केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह द्वारा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी के बारे में की गई टिप्पणी का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कड़ा विरोध करते हुये कहा कि रेणुका सिंह का बयान बेहद ही आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है। रेणुका सिंह ने सिर्फसोनिया गांधी नहीं भारत की समस्त नारी शक्ति और सनातन धर्म तथा हिन्दू संस्कृति का अपमान किया। सनातन परंपरा में भारतीय संस्कृति में विवाहिता स्त्री का विवाह के बाद ही उसका ससुराल ही उसका मूल घर हो जाता है। सोनिया गांधी ने जन्म इटली में लिया था, लेकिन वे विवाहित होकर भारत आई थी विवाह के बाद उन्होंने भारत को ही अपनी मातृभूमि माना, अपने पति की शहादत के बाद भी उन्होंने विवाहिता के धर्म का निर्वहन किया तथा अपने जीवन भर का नाता भारत से जोड़ा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की नेता और सांसद के रूप में सोनिया गांधी ने भारत के आम आदमी को शसक्त बनाने के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। यूपीए की चैयरमेन के रूप में देश के लोगों को सूचना का अधिकार, रोजगार का अधिकार दिया, साथ ही भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार जैसे कदम सोनिया गांधी के निर्देशन में कांग्रेस की सरकार ने उठाकर आम आदमी को मजबूत बनाया। सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों को ठुकरा कर यह साबित किया उनके लिये पद महत्वपूर्ण नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की नेता रेणुका सिंह ने अपने बयान से भाजपा के नारी विरोधी मूल चरित्र को भी उजागर किया जो दंभ तो भारतीय संस्कृति की भरते है लेकिन भारतीय परंपराओं भारत की मान्यताओं के खिलाफ बयान देते है रेणुका सिंह अपने बयान के लिये न सिर्फ देश की जनता बल्कि सोनिया गांधी और देश की महिलाओं से माफी मांगे उन्होंने अपने बयान से भारत की आधी आबादी की भावनाओं को आहत किया है।

छत्तीसगढ़ महतारी का चरण सेवक बनकर भूपेश बघेल ने लूटा:श्रीवास्तव

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि खुद को छत्तीसगढ़ का बेटा बताने और छत्तीसढिया स्वाभिमान की बात कहने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का असली चेहरा सामने आ गया है।

छत्तीसगढ़ महतारी का चरण सेवक बनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लूटा। लूट के करोड़ों-अरबों रुपयों से दिल्ली के खजाने को भरते रहे। यानी छत्तीसगढ़ को एटीएम बना दिया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पाताल से लेकर आकाश तक घोटाले कर रिकार्ड बनाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उसके मंत्री और विधायक अब फिर से छत्तीसगढ़ की जनता को केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर लोगों को गुमराह करने में लगे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता के सर से छत छीनने वाली भूपेश सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। भोले भाले किसानों को धान खरीदी मामले में गुमराह कर वाहवाही लूटने वाली भूपेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में दो सालों का बोनस आज तक क्यों नहीं दिया? आज छत्तीसगढ़ की अन्नदाता किसान भूपेश बघेल से पूछता है कि कांग्रेस के पांच साल में उन्होंने क्या दिया? सरकार बनने के 10 दिनों के बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत ऋण माफी की गई तो फिर छत्तीसगढ़ के किसानों जीवन स्तर ऊंचा क्यों नहीं उठ पाया? छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को पंप का कनेक्शन क्यों नहीं दिया? दस लाख युवाओं को रोजगार देने और बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी उसका क्या हुआ? कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में सुशासन देने और विकास पर फोकस करने के अलावा छत्तीसगढ़ की माताओं - बहनों से हाथों में गंगाजल लेकर प्रदेश में पूर्णतः शराबबंदी करने का भरोसा दिलाते वोट मांगा था। फिर शराब बंद क्यों नही की?

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा, बारी, ये छत्तीसगढ़ के चिन्हारी का जुमला देकर ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की बात करने वाले भूपेश बघेल बताये कि आज ग्रामीण बदहाली में क्यों जीने को विवश हैं। गांवों की फिज़ां में नशे का जहर क्यों घुल गया? गांव से लेकर शहर तक सड़कों की दुर्दशा क्यों? शांतप्रिय छत्तीसगढ़ कैसे अपराधगढ़ में बदल गया? महिला और बेटियां अत्याचार और अनाचार की क्यों शिकार हो रहीं हैं? किसानों को उनकी मेहनत का पूरा फल क्यों नहीं मिल रहा? उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों से लूटने वाली भूपेश सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना होगा।

चुनाव प्रचार के पर्चे-पोस्टर पर मुद्रक प्रकाशक के नाम सहित संख्या भी छापना जरूरी

रायपुर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को प्रचार-प्रसार के लिए छपाये जाने वाले पांपलेट, बैनर, पोस्टर आदि सामग्रियों में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम-पता और मुद्रित सामग्री की संख्या स्पष्ट छापनी होगी। इसके साथ ही मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां और प्रकाशक मुद्रक का घोषणा पत्र मुद्रण के तीन दिवस के अंदर कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर तथा एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित प्रारूप के साथ उपलब्ध कराना होगा। आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में रायपुर के प्रिंटिंग प्रेस प्रतिनिधियों और जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के तहत प्रचार सामग्रियों के मुद्रण के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी उपस्थित प्रिंटिंग प्रेस प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने यह भी हिदायत दी को इस संबंध में आयोग के दिशा निर्देशों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उल्लंघन कर्ताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिले के लगभग 40 प्रिंटिंग प्रेस के प्रतिनिधि मौजूद रहें। बैठक में जानकारी दी गई कि कोई भी मुद्रक प्रकाशक द्वारा साइन की हुई घोषणा और प्रकाशक को व्यक्तिगत रूप से जानने वाले दो लोगों के हस्ताक्षर के बिना किसी भी निर्वाचन प्रचार सामग्री का मुद्रण नहीं करेंगे। यह भी बताया गया कि मुद्रण के बाद प्रिंटिंग प्रेस को मुद्रक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में घोषणा सहित मुद्रित की गई सामग्री की चार प्रतियां तीन दिन के भीतर निर्वाचन कार्यालय में जमा करनी होगी। बैठक में यह भी बताया गया कि निर्वाचन संबंधी किसी भी पांपलेट, पर्चे, पोस्टर आदि में धर्म, वंश, जाति, समुदाय या विरोधी के चरित्र हनन जैसी अपील मुद्रित नहीं की जाएगी। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि मुद्रित प्रचार सामग्री का परिवहन अनुमति प्राप्त वाहन में ही किया जाये।

युवाओं ने असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ मोर्चा खोला

रायपुर। मंदिर हसौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकारी में महिलाओं ने असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ जहां एक बार फिर मोर्चा सम्हाल लिया है वहीं खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली के युवाओं ने आहूत बैठक में ग्रामीणों का पूरजोर समर्थन मिलने के बाद सक्रियता दिखलाना शुरू कर दी है। ग्राम टेकारी में वैसे तो ग्रामीणों ने ग्रामीण व्यवस्था के तहत अवैध शराब व गांजा बिक्री पर अंकुश लगा रखा है पर कतिपय असामाजिक तत्व अब भी चोरी छिपे धंधे से बाज नहीं आ रहे हैं। बीते दिनों ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्व में सपड़ाये एक कोचिया को रास्ते में थाना अमला द्वारा दबोचने के बाद लिह तत्व कुछ दिखवा में तो हैं पर अब भी भट्ठी से पीने के नाम पर 2-4 पौव्वा लाकर बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर जाम ढलकाने की शिकायत कुछ जाग्दा ही है।

मिशन रानीगंज को निशुल्क देखेंगे कोयला कर्मी

कोरबा। पश्चिम बंगाल स्थित ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में हुए हादसे में 65 कोयला कामगारों की जान बचाने पर केंद्रित फिल्म मिशन रानीगंज को कोयला कामगार निशुल्क देख सकेंगे। 18 अक्टूबर को श्याम 6:00 बजे स्थानीय सिटी मल्टीप्लेक्स में यह प्रदर्शन होगा। क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के द्वारा इस बारे में आदेश जारी करने के साथ अवगत कराया गया है कि कर्मचारी और उनके परिजन फिल्म का आनंद निशुल्क ले सकेंगे लेकिन इसके लिए कर्मियों को कोई अवकाश नहीं मिलेगा। बताया गया है कि रानीगंज क्षेत्र की महावीर परियोजना में हुए हादसे के दौरान खनन इंजीनियर के नेतृत्व में चलाए गए राष्ट्रीय ऑपरेशन के तहत 65 कोयला कामगारों की जान बचाई गई थी। मिशन रानीगंज फिल्म में पूरे घटनाक्रम का जीवंत चित्रण किया गया है और यह बताने का प्रयास किया गया है कि आपात स्थितियों को मानवीय प्रयासों के माध्यम से किस तरह अनुकूल किया जा सकता है।

चौकी पहुंचकर एसपी ने कामकाज देखा

कोरबा। अच्छी पुलिसिंग पर ध्यान देने की बात पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने पदस्थापना के बाद मीडिया से चर्चा में कही थी। मैदान स्तर पर कामकाज कैसे चल रहा है यह जानने के लिए एसपी बीती रात 12 बजे भ्रमण पर निकले। उन्होंने मानिकपुर और सीएसईबी चौकी में उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने इस स्थिति पर संतोष जताया कि रात्रिकालीन ड्यूटी करने वाले कर्मी वहां पर उपस्थित हैं। एसपी ने इस प्रयास को सराहा और कर्मियों से पूछताछ करने के साथ जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कोतवाली थाना का भी मुआयना किया। मातहतों को कहा गया कि आपराधिक ग्राफ बढ़ना नहीं चाहिए और अवांछित तत्वों से संबंधित मामलों में किसी प्रकार की ढील न हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। कुछ प्रकरणों में थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

रिश्ते को किया कलंकित, दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को 20 साल की सजा

किशोरी से सामूहिक अनाचार

कोरबा। माता-पिता के घर पर नहीं होने का फायदा उठाकर चचेरी बहन से दुष्कर्म करने और बाद में धमकी देकर इस सिलसिले को दोहराने के मामले में विशेष न्यायाधीश फास्ट्रेक के द्वारा तीन आरोपियों को 20-20 साल की सजा और 3500 रुपए का अर्थ दंड लगाया गया है। आरोपियों में से दो पीड़िता के चचेरे भाई है। कोर्ट के फैसले के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

कटघोरा में अपर सत्र न्यायाधीश पास्को श्रीमती स्वर्णलता टोप्पो के द्वारा धारा 376, 506 और पासको एक्ट से संबंधित एक मामले में यह निर्णय दिया गया। घटना दीपिका पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सितंबर 2021 में हुई थी। घर पर 14 वर्षी किशोरी अकेली थी और उसके माता-पिता काम करने के लिए नजदीक में ही गए हुए थे। मौके का फायदा उठाकर पहले दिन चचेरे भाई ने उससे दुष्कर्म किया। अगले दिवस दूसरे भाई ने फिर ऐसा ही किया और इसके लिए पहले दिन वाली घटना को लेकर बातचीत की और इसे सबको बता देने के लिए धमकी दी। घटना के तीसरे दिवस जागेश्वर दास नामक व्यक्ति ने भी किशोरी के साथ यही कृत किया। आखिरकार पीड़िता ने इस घटना को लेकर अपने माता-पिता को अवगत कराया। इसके बाद वे पीड़िता के साथ दीपिका पुलिस थाना पहुंचे और इस प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर आवश्यक औपचारिकताओं के साथ पुलिस ने प्रकरण में किशोरी से दुष्कर्म का प्रकरण आईपीसी की धारा 376 506 और पासको एक्ट की धाराओं मे 299/2021 दर्ज किया और इसे विचारण के लिए कोर्ट भेजा। इस मामले में अस्सिटेंट पब्लिक प्रॉसिक्यूटर राकेश जायसवाल के द्वारा पेरवी की गई। इस दौरान आरोपियों के संबंध में दोष सिद्ध किए गए। इस आधार पर आरोपियों को 20-20 साल की सजा के अलावा अलग से 3500 रुपए का अर्थ दंड भी लगाया गया।

दृष्टिकोण में विकार सबसे बड़ी चिंता

बालिकाओं की शिक्षा के साथ-साथ उनके सम्मान और अनेक अवसरों पर उन्हें दिया जाने वाला विशेष आदर्श सत्कार इस बात को जरूर रेखांकित करता है कि उनकी महत्ता को हर तरफ समझा जा रहा है। समय के साथ-साथ समाज की सोच इसे लेकर काफी हद तक बदली है। सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर कई प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसके माध्यम से बालिकाओं को हर हाल में सम्मान देने की बात की जा रही है। इन सबसे अलग हटकर इस तरह की घटनाएं समाजशास्त्रीय और मनोचिंतकों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। वे कहते हैं कि एक तरफ बालिकाओं को समृद्धि से लेकर कई संज्ञा दी गई है तो फिर उनके प्रति कुछ लोगों का घिनौना नजरिया आखिर क्यों बना हुआ है

अस्पताल लाते रास्ते में अधेड़ की संदिग्ध मौत

कोरबा। अचानक हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाए जाते वक्त एक अधेड़ की रात रात्रि संदिग्ध मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने आज सुबह शव को पंचनामा कार्रवाई की प्रक्रिया पूर्ण कर उसे पीएम के लिए चिरघर भिजवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली की मानिकपुर चौकी क्षेत्रांतर्गत मुड़ापार बस्ती निवासी सियाराम चौहान उम्र 57 पिता कार्तिक राम चौहान की गत रात्रि 8 बजे के लगभग हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए कोरबा जिला अस्पताल ले गए। वहां उपस्थित चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के वार्ड व्याय द्वारा सूचना दिए जाने पर आज सुबह पसान चौकी प्रभारी प्रधान आरक्षक दाउद कुजूर ने शून्य पर मर्ग कायम कर मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के उपरांत उसे चीरघर भिजवा दिया।

अवैध धन प्रवाह पर सख्ती, 5 लाख जब्त

कोरबा। विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ इस पर परिपालन जारी है। अवैध रूप से धन प्रवाह और बहुमूल्य सामानों को यहां से वहां भेजने डंप करने के मामलों में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र में पुलिस ने चेक पॉइंट्स पर रायपुर पासिंग एक वाहन को रुकवा कर जांच की। उसमें से 5 लख रुपए नगद रकम जब्त की गई। बताया गया कि इस बारे में वहां में मौजूद लोग संतोषजनक जानकारी नहीं दे सके।

कटघोरा थाना प्रभारी तेज़ कुमार यादव के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान बिलासपुर की ओर से आ रही कार की जांच में कार ष्टत्र04 क्क॥ 0763 की डिक्की से 5 लाख रुपये नगद बरामद किया गया। कार चालक डॉ राजेश यादव से पूछताछ में उसने 5 लाख रुपये नगद का कोई वैधानिक दस्तावेज पेश नही किया। फिलहाल कटघोरा पुलिस ने धारा 102 के तहत कार्यवाही की। इस कार्यवाही में कटघोरा थाना प्रभारी तेज़ कुमार यादव, प्रधान आरक्षक संदीप पांडेय, प्रधान आरक्षक भीम सेन यादव, प्रधान आरक्षक दीपक कश्यप, आरक्षक मनीष साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पंचमी से शुरू होगा मड़वारानी में पर्व

नवरात्र में कुछ सुविधाएं लैंको से लेने का प्रस्ताव पारित

कोरबा । क्वांर नवरात्रि पर्व मड़वारानी मे मनाया जावेगा। जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर उरगा टी आई युवराज तिवारी ने पहाड़ ऊपर मंदिर परिसर में पहाड़ ऊपर एवं नीचे मन्दिर समितियों की संयुक्त बैठक लेकर चर्चा किया।

जिसमें पहाड़ नीचे कोरबा चांपा मार्ग से मड़वारानी सड़क मार्ग से आने वाले कोरबा चांपा एवं अन्य क्षेत्रों से चार पहिया वाहन को पुरेना बस्ती से नहर मार्ग से होते हुए नीचे पहाड़ी गेट तक आयेंगे एवं दर्शनार्थियों को उतार कर आगे कार स्टैंड ईटा भट्ठा पर स्टैंड होगा पुनः वापसी मे उसी तरह घुसा कर वापस किया जावेगा वहीं दो पहिया वाहन के लिए नीचे में स्टैंड बनाया जावेगा जो खरहरी मार्ग आदि पर होगा रास्ता जाम न हो।जिसके लिए व्यापक व्यवस्था की जावेगी वही पहाड़ ऊपर मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ को व्यवस्थित करने के समिति के सदस्यों के साथ पुलिस बल देख रेख करेगी वही दुकानदारों अपनी दुकान सड़क मार्ग से कुछ दूरी बनाए रखने के लिए कहा गया वही पानी की कमी न हो जिसके लिए पंचायत लैंको पी एच ई आदि को बोला जावेगा इस बैठक में उप निरीक्षक नवल किशोर साव के अलावा मां मड़वारानी सेवा समिति झींका महोरा से व्यवस्थापक बजरंग राठौर, सह सचिव संतोष कंवर, बैगा गोवर्धन सुरेन्द्र कंवर, कोषाध्यक्ष सहस कौशिक सुखदेव केवर्त, रघुनंदन कंवर, राजू बरेठ, पूर्व जनपद सदस्य बरपाली पीयूष गुरुद्वान, रामायण कंवर, नीचे मन्दिर समिति से अध्यक्ष छेदी लाल कंवर, राजा सुरजीत सिंह, आदि उपस्थित होकर सुझाव दिए।

अनेक स्थान पर षष्ठी से होगी दुर्गा पूजा, तैयारी हुई तेज

कोरबा। शक्ति की उपासना का पर्व आश्विन नवरात्र प्रतिपदा के साथ प्रारंभ हो गया है। इन सभी स्थानों पर शेर पर सवार देवी दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई है। जबकि बंगाल की परंपरा पर आधारित दुर्गा पूजा के अंतर्गत अनेक स्थानों पर षष्ठी तिथि से यह पर्व शुरू होगा। इसके लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कोरबा नगर के अमरिया बाईपास, डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर फेस 1- 2, जयप्रकाश कॉलोनी, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, एसईसीएल मानिकपुर, सुभाष ब्लॉक कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर टैगोर उद्यान, सीएसईबी कॉलोनी, बालको नगर टाउनशिप एनटीपीसी टाउनशिप समित अनेक स्थानों पर दुर्गा पूजा पर प्रतिमाओं की स्थापना षष्ठी को होगी। इन स्थानों पर श्रद्धालुओं को पश्चिम बंगाल की प्रचलित पूजा परंपरा देखने को मिलेगी। इसके लिए प्रतिमाएं लगभग वही होगी लेकिन पूजा की पद्धति कुछ अलग हटकर होगी। ऐसे सभी स्थानों पर दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर तैयारी को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन समितियां ने अपनी आर्थिक स्थिति के हिसाब से आवश्यक प्रबंध किया है। गरबा प्रदर्शन को सामान्य रूप से सभी जगह शामिल किया गया है इसके अलावा और भी

आयोजन किए जाएंगे।

ढाकी का होगा उपयोग

बंगाल की संस्कृति और परंपरा का पालन करने वाली जिले की पूजा समितियां के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से ढांकी वादक बुलाए गए हैं, जो दशहरा तक पूजा पंडाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। पूजा और आरती के दौरान इस वाद्य यंत्र का अपना महत्व दर्ज होता है। संधी पूजा के साथ शुरू होने वाला नवरात्र पुष्पांजलि और हवन पूजन के साथ संपन्न होगा।

सीएसपी, कोतवाल वाहन चेक करने चौक में डटे

कोरबा। एसपी जितेंद्र शुक्ला के द्वारा चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर जारी किये गए आदेश के परिपालन में पूरे जिले में लगातार छोटे-बड़े वाहनों के चालकों की गतिविधि उनके परिचय पत्र समेत कागजात के साथ ही वाहनों की डिक्की में चुनाव प्रभावित करने वाले आपत्तिजनक सामानों का आवागमन एक स्थान से दूसरे स्थान पर किये जाने पर रोक लगाने के लिए चलाए गए गत रात्रि विशेष अभियान में जिले में नवपदस्थ सीएसईबी कोरबा भूषण एक्का एवं शहर कोतवाल रूपक शर्मा मातहतों के साथ सुनालिया चौक में डटे रहे।

इस दौरान इन दोनों अधिकारियों ने अपने मातहतों के साथ आने-जाने वाले वाहनों को रूकवाकर उनके चालकों से तथा उसमें सवार लोगों की गतिविधियों की जांच करने के अलावा वाहनों की डिक्की को खंगलवाकर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान उनके द्वारा छोटे-बड़े दोपहिया एवं चारपहिया लगभग एक दर्जन वाहनों पर एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए बतौर समंस 3000 रुपए का जुर्माना किया गया। इन दोनों अधिकारियों के निर्देशन में ही शहर के रानीरोड निवासी शफीक खान उम्र 29 पिता असलम खान के अब तक के विभिन्न अपराधिक मामलों में शामिल होने तथा आगे अन्य अपराधों को अंजाम दिए जाने की संभावना को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध गुंडा एक्ट की धारा 110 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उसे रिमांड पर आज कोरबा न्यायालय भेज दिया। उपरोक्त कार्रवाई में टीआई के नेतृत्व में एएसआई द्वय अजय सिंह ठाकुर, टंकेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक ललित खरसन, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, सुनील सिंह राजपूत, श्याम सिदार, नवरतन सिदार व अन्य स्टाफ शामिल रहे।

गायों की सेवा के लिए शुरू हुई एम्बुलेंस

हितानंद ने सराहा गौसेवकों का प्रयास

कोरबा। शहर में गायों की सेवा हेतु बाल गोपाल गौ नंदी समिति काम कर रही है। गायों की सेवा के दौरान हमेशा से बीमार गायों को लाने ले जाने हेतु वाहन की कमी अखरती थी। इस हेतु काफी दिनों से समिति के लोग प्रयासरत थे। सर्वमंगला मंदिर में बीमार गायों हेतु एम्बुलेंस सेवा का उद्घाटन समिति के सदस्यों एवं नागरिकों के बीच मंचीय कार्यक्रम के साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं गौ सेवकों का सम्मान किया गया। उसके पश्चात सभी के द्वारा झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया गया। अतिथि हितानंद अग्रवाल द्वारा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा गया कि, सभी गौ सेवकों के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। गाय का महत्व हमारे समाज में पुराने समय से है। धरती पर गाय भगवान का रूप है। गाय के बिना तो हमें मोक्ष की प्राप्ति भी नहीं हो सकती। अशोक मोदी ने संस्था के साथ जुड़ी मातृशक्ति के सेवा भाव की सराहना की। गौ रक्षको से कहा कि गयो की तस्करी का कड़ाई से विरोध हो। कार्यक्रम का समापन भजन एवं खिचड़ी भोग प्रसाद वितरण के साथ किया गया द्य कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप हितानंद अग्रवाल ,पवन सुल्तानिया , प्रकाश अग्रवाल , नटवर अग्रवाल , अशोक मोदी , टोनी जैन , मूलचंद शास्त्री महाराज , बीएस शाही , नमन पांडेय महाराज , इंदर अग्रवाल , रामावतार अग्रवाल उपस्थित रहे।पारस जैन , दीपक अग्रवाल , अक्षत शर्मा , अविनाश , सरोज सुनालिया , शोभा केडिया , संजू भाभी , दीपा अग्रवाल एवं बाल गोपाल गौ नंदी सेवा समिति से जुड़े सभी सदस्यों ने सहभागिता निभाई।

सीटू ने भाजपा का साथ देने घोषणा की

बालकोनगर। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड में श्रमिक हितों के ए़ि अपनी भूमिका निभाने वाले ट्रेड यूनियन सीआईटीयू ने कहा कि वह विधानसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन करेगा। कई मामलों को लेकर संगठन नीतिगत रूप से उसके साथ है। भाजपा प्रत्याशी के इस क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कई चीजें सामने आई और बहुत सारे मुद्दों को स्पष्ट किया गया। इस दौरान ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से उनका संवाद हुआ। सीटू के पदाधिकारियों ने यहां पर किये गए कार्य और कई मामलों में राहत मिलने को लेकर भाजपा का समर्थन करने की बात कही। दौरे में भाजपा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

घर में घुसे मगरमच्छ से सामना, ग्रामीण जख्मी

कोरबा। शिवपुर गांव में मगरमच्छ से सामना होने के साथ एक ग्रामीण बुरी तरह से जख्मी हो गया। इस दौरान आसपास के लोगों ने हिम्मत दिखाई और मगरमच्छ को सही जगह खदेड़ने का काम किया। पीड़ित को एंबुलेंस के जरिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल कोरबा भर्ती कराया गया है जहां पर उसका उपचार जा रही है। पीड़ित व्यक्ति हरिराम टोप्पो है, जो मगरमच्छ से भिड़ने के कारण घायल हो गया। बताया गया कि यह घटना रात्रि को पाली थाना के ग्राम शिवपुर में हुई। नजदीक से एक मगरमच्छ यहां आने के साथ ग्रामीण के घर मे घुस आया था। भीतर सो रहे बच्चे को उसने निशाना बनाना चाहा। मगरमच्छ की हरकतों से रात में घर पर कोहराम मच गया और लोग जाग गए। आनन फानन में हरिराम टोप्पो ने परिवार को बचाने की मंशा के साथ सीधे मोर्चा संभाल लिया। मगरमच्छ के हमले के कारण उसे सीने और अन्य स्थान पर चोट आई। बताया गया कि अपने तरह की हैरान करने वाली घटना के बावजूद परिवार के लोग डरे नहीं और उन्होंने अपने तौर तरीके से आक्रमण करते हुए मगरमच्छ को भगाने के लिए मजबूर कर दिया। पीड़ित को कुछ देर के बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भिजवाने की व्यवस्था की गई जहां पर उसका उपचार जारी है। जंगल के जलाशय से भटक कर गांव की तरफ पहुंचे मगरमच्छ के द्वारा ग्रामीण पर हमला करने की है, पहली घटना है जिसकी चर्चा आसपास में हो रही है। दूसरी और ऐसे मामलों को लेकर ग्रामीण काफी डरे हुए हैं।

धरमजयगढ़ का रूख किया लोनर विभाग ने ली राहत की सांस

कोरबा। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज अंतर्गत जिल्पा क्षेत्र में विचरण कर रहे लोनर हाथी ने बीती रात धरमजयगढ़ क्षेत्र का रूख कर लिया है। दंतैल के अन्यत्र जाने से वन विभाग के साथ-साथ ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। इससे पहले लोनर हाथी यहां मौजूद रहकर धान की फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहा था। लोनर हाथी ने बीती रात जाने से पहले जिल्पा क्षेत्र में चार ग्रामीणों के फसल को रौंद दिया है। जिल्पा में फसल रौंदे जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और लोनर हाथी द्वारा रात में किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयारी की। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में 48 हाथी अभी भी कोरबी सर्किल में सक्रिय हैं। हाथियों ने यहां भी फसल को नुकसान पहुंचाया है।

***दर्री।** एचटीपीएस के लाल मैदान में इस वर्ष 110 फीट ऊंचा रावण का पुतला जलाया जाएगा। सीएसईबी के कर्मी इस काम में लगे हुए हैं।

बबलू पाटिल का निधन

कोरबा। नगर पालिका निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 शारदा विहार निवासी युवा व्यवसायी व सामाजिक कार्यकर्ता बबलू पाटिल का आज सुबह अपने निवास पर निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी व भरापूरा परिवार छोड़ गए है। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर शुभचिंतकों सहित विभिन्न समाज के लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है।

बौद्धिक चातुर्य दिखा रहे खिलाड़ी

कोरबा। एसईसीएल कोरबा के सेंट्रल वर्कशॉप में अंर्तक्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता की शुरुआत बुधवार को हुई, जिसका समापन 20 अक्टूबर को होगा।

कर्मचारी कल्याण और सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा वर्ष भर में कई प्रकार के आयोजन किए जाते हैं और इसके माध्यम से अपने कर्मचारियों के अलावा जन सामान्य को प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाता है। अंतर्क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता इसी का हिस्सा है जिसकी मेजबानी का अवसर कोरबा क्षेत्र को दिया गया है। प्रतियोगिता में हमेशा 17 टीमें हिस्सा लेती है। इस बार 15 टीमों ने ही भागीदारी की है। कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथियों ने संक्षिप्त में अपनी बात रखी और कहां की शतरंज का खेल दिखने में सामान्य लगता है लेकिन सतर्कता और बौद्धिक चातुर्य इसके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं । बहुत कम समय में किस तरीके से अपनी चाल चली जानी है और

मोहरों को आगे बढ़ाना है यह प्रतिभागी के मस्तिष्क के सक्रिय होने पर निर्भर करता है। ऐसा होने पर ही शतरंज खेल में प्रतिभागियों की हार होती है और जीत के भी वे हिस्सेदार बनते हैं। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को इंटर कंपनी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा,जिसका आयोजन आने वाले समय में किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिला।

पाटीदार भवन में गरबा का जमा रंग

कोरबा। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कच्छ कड़वा पार्टीदार समाज के भवन में आश्विन नवरात्र पर अम्बे माता की आराधना की जा रही है। समाज ने परंपरागत रूप से यहां गरबा का आयोजन किया है। इसमें समाज की भागीदारी प्रमुख है। गीत-संगीत के साथ यहां गरबा का रंग जम रहा है।

श्रीं
प्लाट बेचना है
उरगा में 83 डिसमिल प्लाट (आदिवासी) बेचना है।
संपर्क करें
62681-46606

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com